www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 102.705g

चांदी 113,000kg

2 ट्रंप की धमकी को धता बताना जरूरी, अमेरिका को खटक रहा भारत का फायदा

बाइक पर पैर रखने से शुरू हुआ विवाद 04

वर्ष :09 | अंक :56 | मुंबई ,रविवार ,17 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## सिलवासा में व्यक्ति ने अपने दो दिव्यांग बच्चों की हत्या के बाद फंदे से लटककर जान दी

केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव के सिलवासा में एक व्यक्ति ने पत्नी के हाल ही में उसे छोड़कर चले जाने के बाद अपने दो दिव्यांग बच्चों की कथित तौर पर हत्या कर दी और फिर खुद भी फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सिलवासा थाने के उपनिरीक्षक अनिल टी के ने बताया कि सुनील भाकरे (56) ने समरवरनी इलाके में किराए के अपने मकान में जय (18) और आर्य (10) की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर खुद भी फंदे से लटककर जान दे दी। उपनिरीक्षक ने बताया, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति ने पहले अपने दोनों बच्चों को जहर दिया और फिर उनका गला घोंट दिया। व्यक्ति की पत्नी लगभग दो हफ़्ते पहले उसे छोड़कर चली गई थी और उसे अपने बच्चों की देखभाल करनी पड़ रही थी, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। व्यक्ति मुंबई के पास रायगढ़ का रहने वाला था और पिछले दो दशकों से सिलवासा में रह रहा था। उन्होंने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में जांच की जा रही है।

## बेंगलुरु में प्लास्टिक सामान निर्माण इकाई में आग लगी, एक परिवार के चार लोगों समेत पांच की मौत

बेंगलुरु के के.आर. मार्केट के पास नागरथपेट क्षेत्र में प्लास्टिक का सामान बनाने की एक इकाई में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने मृतकों की पहचान मदन सिंह (38), संगीता (33) और उनके दो बच्चों रितेश (7) और विहान (5) तथा पड़ोसी सुरेश कुमार (26) के रूप में की है। पुलिस के अनुसार, मदन सिंह राजस्थान के मूल निवासी थे और लगभग 10 सालों से इस इमारत को किराए पर ले रखा था। वह एक छोटी फैक्टरी चलाते थे जहां प्लास्टिक के सामान के साथ-साथ चटाई भी बनायी जाती थी। वह इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल पर रहते थे। पुलिस ने कहा कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह करीब तीन बजकर 14 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए आठ वाहन लगाए गए हैं और 55 दमकलकर्मी तथा 21 अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, यह एक तरह का गोदाम है जहां काफी सामान रखा हुआ है। इस वजह से आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है।

# एनसीईआरटी ने तैयार किया नया मॉड्यूल, जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन को बताया विभाजन का दोषी

## कांग्रेस बोली- इसे फाड़ देना चाहिए, आरएसएस इतिहास का सबसे बड़ा विलेन

**मॉड्यूल जारी**

इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने कश्मीर पर कब्जा करने के लिए तीन युद्ध लड़े हैं और हारने के बाद, जिहादी आतंकवाद के निर्यात की नीति अपनाई है... यह सब विभाजन का परिणाम है। मॉड्यूल में बताया गया है कि जिन्ना ने भी बाद में स्वीकार किया था कि उन्हें अपने जीवनकाल में विभाजन की उम्मीद नहीं थी: मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा।

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के विभाजन पर एनसीईआरटी के नए विशेष मॉड्यूल ने देश के विभाजन के लिए कांग्रेस नेतृत्व पर महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी डाली है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने विभाजन की योजनाओं को स्वीकार किया और जिन्ना को कम करके आंका, जबकि वे इसके बाद आने वाली दीर्घकालिक भयावहता का अनुमान लगाने में विफल रहे। इस अगस्त में विभाजन स्मृति दिवस के अवसर पर दो मॉड्यूल जारी किए गए, एक मध्य चरण के लिए और दूसरा द्वितीयक चरण के लिए। मॉड्यूल में कहा गया है, भारत का विभाजन और पाकिस्तान का निर्माण किसी भी तरह से अपरिहार्य नहीं था। इसके बजाय, उनका तर्क है कि तीन लोगों ने विभाजन को आकार दिया, जिन्ना, जिन्होंने इसकी मांग की; कांग्रेस, जिसने इसे स्वीकार किया; और माउंटबेटन, जिन्होंने इसे औपचारिक रूप दिया और लागू किया। द्वितीयक चरण के मॉड्यूल में कहा गया है, किसी भी भारतीय नेता को राष्ट्रीय या प्रांतीय प्रशासन, सेना, पुलिस आदि चलाने का अनुभव नहीं था। इसलिए, उन्हें स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होने वाली बड़ी समस्याओं का कोई अंदाजा नहीं था... अन्यथा, इतनी जल्दबाजी नहीं की जाती। मॉड्यूल विभाजन को एक अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी बताते हैं।




**नेताओं एनसीईआरटी विवाद में की बयानबाजी**

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव- अगर इतिहास के पन्ने पलटकर देखेंगे तो उसमें कई बाते लिखी हैं कि किस-किस ने माफी मांगी थी, सब सामने आ जाएगा।

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित- मैं एनसीईआरटी को बहस की चुनौती देता हू। आज एनसीईआरटी बीजेपी के कब्जे में है, जिन्हें बंटवारे के बारे में कुछ पता ही नहीं है।

आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा- इतिहास किसी की सोच से नहीं बदलता, उसका पूरा संदर्भ होता है। ये लोग गांधी को भी दोषी ठहराते हैं, कांग्रेस को नहीं। यही इनकी सोच है। भाजपा को नफरत की भाषा ही आती है और ये नफरत के बीज बोने में माहिर हैं। लेकिन अब ये फसल हमारे देश में नहीं उगने वाली।

**पीएम मोदी के भाषण का हिस्सा भी शामिल**

पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था, 'बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे।'

# अटल बिहारी वाजपेयी की आज 7वीं पुण्यतिथि

## सदैव अटल पहुंच राष्ट्रपति और पीएम ने श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री और भाजपा नेता वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राजघाट पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।

एजेंसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके स्मारक सदैव अटल का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री और भाजपा नेता वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राजघाट पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इसके अलावा कई केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई अन्य गणमान्य लोग वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां उनके स्मारक सदैव अटल पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, सभी देशवासियों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। राष्ट्र के चौतरफा विकास को लेकर उनका समर्पण और सेवा भाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए हर किसी को प्रेरित करने वाला है। वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में एक थे। वह तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। उनका पहला कार्यकाल 1996 में मात्र 13 दिनों का था। इसके बाद, वह 1998 में फिर प्रधानमंत्री बनें और उन्होंने 13 महीने तक इस पद को संभाला। वर्ष 1999 में वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी नेता थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। वायपेयी को आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया जाता है, जिससे देश का तेजी से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ।

मंत्रालय ने बताया कि यह परियोजना सीपीडब्ल्यूडी द्वारा पूरी की गई थी, जिसकी पूरी लागत अटल स्मृति न्यास सोसाइटी द्वारा वहन की गई थी. अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका जन्म 25 दिसंबर, 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था, तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए. वे अपना कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता थे. उन्होंने 16 मई, 1996 से 1 जून, 1996 तक और फिर 19 मार्च, 1998 से 22 मई, 2004 तक कुछ समय के लिए इस पद पर कार्य किया. वाजपेयी ने 1977 से 1979 तक प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के मंत्रिमंडल में भारत के विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया.

# श्री कृष्ण जन्मभूमि से गुलामी के अंश का करेंगे अंत

## मथुरा में सीएम योगी ने किया बड़ा ऐलान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि से बड़ा ऐलान किया कि अयोध्या की तरह यहां भी गुलामी के अंश को खत्म किया जाएगा। यह बयान सीधे तौर पर श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद की ओर इशारा करता है, जो लंबे समय से चला आ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने मथुरा और ब्रज क्षेत्र के लिए 645 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया।

एजेंसी



जन्माष्टमी के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा पहुंचकर श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मथुरा और ब्रज क्षेत्र के लिए 645 करोड रुपये की 118 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, जिसे मथुरावासियों के लिए एक बडा तोहफा माना जा रहा है। मथुरा में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री योगी ने एक बडा बयान दिया, जिसने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार गुलामी के अंश को खत्म कर रही है।' उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि हमने वहां 500 सालों के गुलामी के प्रतीक को हटाया और अब मथुरा में भी यही काम करेंगे। उनका यह बयान सीधे तौर पर श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद की ओर इशारा करता है, जो लंबे समय से चल रहा है।

**ब्रज क्षेत्र के विकास पर फोकस**

योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार ने मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, बलदेव, गोवर्धन और राधा कुंड को तीर्थ स्थल के रूप में उनकी पौराणिक मान्यता को फिर से बहाल करने का फैसला किया है।

# कांग्रेस ने जारी किया लापता वोट वीडियो

## वोट अधिकार यात्रा से पहले बोले राहुल-जाग गई जनता

यह कांग्रेस द्वारा 'वोट चोरी से आजादी' अभियान शुरू करने की घोषणा के बाद आया है, जिसमें लोगों से चुनाव आयोग और भाजपा द्वारा कथित वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने का आान किया गया था।

एजेंसी



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिल्म 'लापता लेडीज' से प्रेरित एक स्पूफ वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उन्होंने चुनाव आयोग पर कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों को दोहराया और लोगों से 'वोट चोरी से आजादी' अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, चोरी चोरी, चुपके-चुपके... अब या नहीं, जनता जाग गई है। वीडियो में एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति पुलिस स्टेशन में चोरी की शिकायत दर्ज कराता हुआ दिखाई दे रहा है। जब एक पुलिसकर्मी पूछता है, क्या चोरी हुआ है? तो वह व्यक्ति हिचकिचाता है और जवाब देता है, वोट। पुलिसकर्मी चौंककर पूछता है, यह कैसे संभव है? वीडियो इस संदेश के साथ समाप्त होता है, आपके वोट की चोरी आपके अधिकार की चोरी है। यह क्लिप लापता लेडीज के एक दृश्य पर आधारित है, जिसमें एक पति पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराने जाता है कि उसकी पत्नी की अदला-बदली कर दी गई है।

# ओवैसी का बड़ा हमला: फरर की तारीफ कर पीएम मोदी ने किया स्वतंत्रता संग्राम का अपमान

असदुद्दीन ओवैसी का पीएम मोदी पर बड़ा हमला! आरएसएस की तारीफ पर भड़के ओवैसी ने कहा कि यह संगठन स्वतंत्रता संग्राम में अनुपस्थित रहा और स्वतंत्रता सेनानियों से नफरत करता था। उन्होंने आरएसएस की हिंदुत्व विचारधारा को संविधान विरोधी बताते हुए इसे 'नफरत फैलाने वाला' करार दिया।

एजेंसी



इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रशंसा करने के लिए निशाना साधा और इसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम का घोर अपमान बताया। ओवैसी ने इस बात पर जोर दिया कि आरएसएस ने कभी स्वतंत्रता संग्राम में भाग नहीं लिया और कहा कि यह सांस्कृतिक संगठन अंग्रेजों से भी ज्यादा स्वतंत्रता सेनानियों से नफरत करता था। उन्होंने तर्क दिया कि आरएसएस ने हमेशा समावेशी राष्ट्रवाद का विरोध किया है।

# किश्तवाड़ आपदा- 65 शव बरामद, 40 की पहचान:200+ लापता, 500 लोग रेस्क्यू

## सीएम अब्दुल्ला से युवक बोला- हमें बस डेड बॉडी दे दो

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का आज तीसरा दिन है। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 34 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है।

एजेंसी




जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला आज चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस पर एक शख्स ने उनसे कहा- हमें कुछ नहीं चाहिए, आप सब अपने घर ले जाओ, हमें सिर्फ डेडबॉडी दे दो। मेरी मां-मौसी लापता हैं। युवक ने आरोप लगाया कि यहां पर 20 जेसीबी आई हैं, हम कल से देख रहे हैं कि सिर्फ 2 ही जेसीबी काम कर रही हैं। आज आप आए तो इन्हें चालू किया गया। जब कोई नेता आता है तो जेसीबी चालू कर दी जाती हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए जिले के पड्डर सब-डिवीजन में चसोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सब कुछ बाढ़ में बह गया। चसोटी किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किलोमीटर और मचैल माता मंदिर के रास्ते पर पहला गांव है। यह जगह पड्डर घाटी में है, जो 14-15 किलोमीटर अंदर की ओर है। इस इलाके के पहाड़ 1,818 मीटर से लेकर 3,888 मीटर तक ऊंचे हैं।

# 'वोट चोरी' के दावों के बीच आज चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## गंभीर सवालों के जवाब देने की है तैयारी

बिहार में एसआईआर प्रक्रिया और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान विपक्षी नेताओं द्वारा वोट चोरी के आरोप लगाए जाने के बाद से यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होगी।

एजेंसी




भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शनिवार को घोषणा की कि वह रविवार, 17 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। ईसीआई ने कहा कि भारत चुनाव आयोग कल, यानी रविवार, 17 अगस्त, 2025 को दोपहर 3:00 बजे राष्ट्रीय मीडिया केंद्र, रायसीना रोड, नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद संवैधानिक निकाय द्वारा आयोजित यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी।

**प्रतिक्रिया** एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल पर पवन खेड़ा ने दी तीखी प्रतिक्रिया, बीजेपी का पलटवार

# विभाजन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

एजेंसी



इस पर विवाद छिड़ गया है और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस मॉड्यूल को जलाने की मांग की है क्योंकि इसमें सच नहीं बताया गया है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि इस दस्तावेज को जला दो क्योंकि यह सच नहीं बताता।

नयी दिल्ली। एनसीईआरटी द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में जारी एक विशेष मॉड्यूल में मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन को भारत के विभाजन के लिए ज़िम्मेदार ठहराया गया है। इस मॉड्यूल पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की जुगलबंदी को अंग्रेजों के जाने के बाद भारत के विभाजन के लिए ज़िम्मेदार ठहराया है। मॉड्यूल में कहा गया है कि विभाजन के बाद, कश्मीर एक नई समस्या के रूप में उभरा जो भारत में पहले कभी मौजूद नहीं थी और इसने देश की विदेश नीति के लिए एक चुनौती पैदा कर दी। इसमें यह भी कहा गया है कि कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। इस पर विवाद छिड़ गया है और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस मॉड्यूल को जलाने की मांग की है क्योंकि इसमें सच नहीं बताया गया है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि इस दस्तावेज को जला दो क्योंकि यह सच नहीं बताता। विभाजन हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की सांठगांठ के कारण हुआ। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आरएसएस इस देश के लिए खतरा है। विभाजन का विचार सबसे पहले 1938 में हिंदू महासभा ने फैलाया था। इसे 1940 में जिन्ना ने दोहराया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के एनसीईआरटी द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के लिए विभाजन विभीषिका दिवस पर विशेष मॉड्यूल जारी करने को लेकर दिए गए बयान पर कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आने वाली पीढ़ी को विभाजन की विभीषिका के बारे में जानने का हक नहीं है? विभाजन की विभीषिका एक दर्द है, एक घाव है जिसे मिटाना जरूरी है... क्या देश को उनके बारे में जानने का हक नहीं है जिनके परिवारों के साथ ये हुआ... इसके लिए कौन ज़िम्मेदार है? यही जिन्ना, यही कांग्रेस...। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूँ...आखिरी समय में इसे रोकने की ताकत किसके पास थी?...दो-राष्ट्र सिद्धांत को हर कोई जानता है, जिसे कांग्रेस और मुहम्मद अली जिन्ना ने लागू किया था। कांग्रेस अभी भी मुस्लिम पहले और भारत के विभाजन की बात करती है। भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जो बंटवारा हुआ और उसके बाद जो भयावहता फैली, वह पूरी तरह सच थी।

# आगे का रास्ता केवल... ट्रंप-पुतिन की अलास्का बैठक पर आया भारत का रिएक्शन



बयान में आगे कहा गया है कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का जल्द अंत देखना चाहती है।

एजेंसी


नयी दिल्ली। भारत ने शनिवार को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई हालिया शिखर वार्ता की सराहना की और यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत और कूटनीति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्वीकार किया। शनिवार को जारी एक बयान में, भारतीय विदेश मंत्रालय ने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई महत्वपूर्ण शिखर वार्ता का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं के शांति प्रयासों की सराहना की और उनके नेतृत्व को बेहद सराहनीय बताया। बयान में आगे कहा गया है कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का जल्द अंत देखना चाहती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच समिट बैठक का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। भारत समिट में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता केवल बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का शीघ्र अंत देखना चाहती है।

## सम्पादकीय

# पूंजी के खेल का शिकार बनता मनुष्य, हमेशा जीवित रहने की चाह

विशालकाय हाथी मैमथ को भी वापस लाने की कोशिश की जा रही है। बहुत सी लुप्त प्रजातियों की वापसी चकित करती है। क्लोनिंग के जरिए जन्मी डाली भेड़ के बारे में तो आपने सुना ही होगा। एक व्यक्ति ने लाखों डालर खर्च करके अपने मृत डागी का क्लोन बनवाया भी था। विज्ञान के जरिए ही मनुष्य चांद तक पहुंचा। अब मंगल ग्रह पर जाने की सोच रहा है। विज्ञान की दुनिया बेशुमार चमत्कारों से भरी है, लेकिन ये चमत्कार किसी परी या बौने की जादुई छड़ी से न होकर विज्ञान आधारित नियमों के अनुसार ही होते हैं। हाल में अमेरिका में एक ऐसे बच्चे ने जन्म लिया, जिसे तीस साल पहले सुरक्षित भ्रूण से दुनिया में लाया गया है। इसे दुनिया का सबसे बूढ़ा बच्चा बताया जा रहा है। इसी तरह दुनिया से गायब वुली वोल्फ की वापसी हो चुकी है। डोडो और डायनासोर के बारे में भी कहा जा रहा है कि एक बार वे फिर धरती पर विचरेंगे। विशालकाय हाथी मैमथ को भी वापस लाने की कोशिश की जा रही है। बहुत सी लुप्त प्रजातियों की वापसी चकित करती है। क्लोनिंग के जरिए जन्मी डाली भेड़ के बारे में तो आपने सुना ही होगा। एक व्यक्ति ने लाखों डालर खर्च करके अपने मृत डागी का क्लोन बनवाया भी था। विज्ञान के जरिए ही मनुष्य चांद तक पहुंचा। अब मंगल ग्रह पर जाने की सोच रहा है। विज्ञान ऐसी तमाम बातों को भी खोजने की कोशिश कर चुका है, जिनमें सफलता नहीं मिली। जैसे कि रसायनशास्त्र के विकास के बारे में कहा जाता है कि उसका विकास अमृत और सोने की खोज के बारे में हुआ। अमृत भारतीय मनीषा में भी बहुत जगह बनाता है। कहते हैं समुद्र मंथन के दौरान यह निकला भी था और देवताओं और दानवों में इसके अधिकार के लिए युद्ध हुआ था।मनुष्य मृत्यु से बहुत डरता है। वह हमेशा जीवित रहना चाहता है। चिकित्सा विज्ञान ने उसे अब लंबी आयु भी प्रदान की है, लेकिन मृत्यु पर विजय अभी तक नहीं पाई जा सकी है। स्पेन के एक गांव में लोगों से कहा जाता है कि उन्हें मरना नहीं है। इसलिए वे ज्यादा से ज्यादा स्वस्थ रहें। एक ऐसी कथा भी है कि एक राजा ने अमरता का वरदान प्राप्त कर लिया था। फिर वह ऐसे स्थान पर पहुंचा,जहां लोग अमर थे। वे जीवन से ऊब चुके थे। मरना चाहते थे, लेकिन मर नहीं सकते थे। यह दुनिया विविध विचारों से भरी हुई है। अभी पिछले दिनों खबर आई कि जर्मनी की एक बायो लैब शवों को सुरक्षित करना चाहती है, ताकि भविष्य में यदि विज्ञान का इतना विकास हो जाए कि मृत व्यक्ति को जीवित किया जा सके, तो इन्हें फिर से जीवित किया जा सकेगा। यह लैब इसके लिए दो लाख डालर लेगी। अब तक छह सौ से अधिक लोगों ने उसके यहां बुकिंग कराई है। इसे क्रायो प्रिजर्वेशन का नाम दिया गया है।

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष राशि:** व्यापार के मामले में आप कोई विशेष व्यवस्था कर सकते हैं और आपका ज्यादा समय भी इसी कार्य में बीतेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी काम पूरी सावधानी से करना होगा। इससे मान-सम्मान और मनोबल में वृद्धि होगी।

**वृषभ राशि:** आपका दिन अच्छा रहने वाला है और भाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा। समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और उत्तम धन-संपत्ति की प्राप्ति भी हो सकती है। इसी के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा। चंद्रमा दशम भाव में सुख-शांति का कारक है।

**मिथुन राशि:** कामकाज के सिलसिले में आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इसका प्रभाव सेहत पर भी पड़ेगा और मानसिक तनाव बढ़ने की भी संभावना है। व्यापार के मामले में नए संपर्क बनाने से लाभ मिल सकता है

**कर्क राशि :** आपको विशेष संपत्ति प्राप्त होने की संभावना बनी हुई है। इसे मामले में कुछ धन भी खर्च हो सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना आपके लिए बेहतर होगा। संतान की ओर से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है

**सिंह राशि :** भाग्य का आपको साथ मिल सकता है और आर्थिक मामलों में भी लाभ कमाने का मौका मिल सकता है। कार्यस्थल पर स्थान परिवर्तन होने से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है व्यापार में सहयोगी का साथ मिलने से तनाव कम होगा। वहीं, कार्यक्षेत्र में आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी।

**कन्या राशि:** कार्यक्षेत्र में आज कई लोग आपकी सलाह लेने आपके पास आ सकते हैं। ऐसे में आप संयम के साथ उनका मार्ग दर्शन करा सकते हैं। आने वाले समय में कामकाज के सिलसिले में यही लोग आपको सहयोगी बन सकते हैं।

**तुला राशि:** आपका दिन अच्छा रहने वाला है और भाग्य का भी साथ मिल सकता है। व्यापार के मामले में लाभ कमाने के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी प्रिय मित्र की सलाह और सहयोग से आपके बिगड़े काम भी बनने शुरू हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि:** कारोबार के मामले में दिन अच्छा रहेगा और आपको लाभ कमाने के मौके मिल सकते हैं। अगर कार्यस्थल पर लंबे समय के कुछ कार्य बिगड़ रहे थे, तो अब वे बनने शुरू हो सकते हैं। व्यापार के मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति सलाह लेने से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**धनु राशि :** आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहेगा और आपको अचानक कहीं से बड़ी मात्रा में धन प्राप्त हो सकता है। इससे आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी और आप अपने पसंद की चीजों पर कुछ धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर राशि:** आप कामकाज में ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं और कार्यस्थल पर जरूरी कार्यों को भी समय पर पूरा करने की कोशिश करनी होगी। व्यापार के मामले में आपको अपनी योजनाओं पर ध्यान देना होगा और बिगड़े हुए कामों को सुधारने का प्रयास करना होगा।

**कुंभ राशि :** आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और आर्थिक मामलों में भी दिन अच्छा रहने वाला है। आपके धन में वृद्धि हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कार्यस्थल पर प्रबल से प्रबल विरोधियों का भी आप डटकर सामना करेंगे और सफलता भी हासिल करेंगे। कार्यक्षेत्र में उन्नति मिलने से तनाव कम होगा और परिवार में जीवनसाथी के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**मीन राशि :** कार्यक्षेत्र में कामकाज सामान्य गति से चलेगा और आपको किए गए प्रयासों का फल भी प्राप्त हो सकता है। नौकरी करने वालों का दिन भी अच्छा रहेगा और आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले करने से लाभ होगा। घर में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है और धार्मिक कार्यों से जुड़ी कोई यात्रा भी की जा सकती है। शाम के समय परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# ट्रंप की धमकी को धता बताना जरूरी, अमेरिका को खटक रहा भारत का फायदा


> **अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताता है और चीन की एक काट के रूप में देखता है। क्या कोई अपने रणनीतिक साझेदार को टैरिफ लगाने-बढ़ाने की धमकियां देता है और उसकी ऊर्जा नीति को लेकर सार्वजनिक प्रलाप करता है। इस तरह के आक्रामक कदम रक्षा प्रौद्योगिकी और आर्थिक सहयोग में दशकों के बने भरोसे पर आघात करते हैं।**

पा यूक्रेन युद्ध के बाद से भारत रियायती दरों पर रूसी कच्चा तेल खरीद रहा है। इसने भारत को बड़ी आर्थिक बढ़त दिलाई है। भारत जिस ब्रेंट क्रूड के अंतरराष्ट्रीय पैमाने पर तेल की खरीद करता आया है, उससे कहीं कम कीमत पर वह रूस से रोजाना 17 से 19 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। इससे भारत के लिए घरेलू ईंधन कीमतों को नियंत्रण में रखने, महंगाई पर लगाम लगाने और विकास के लिए राजकोषीय गुंजाइश बढ़ाने में मदद मिली है। यह कोई अवसरवादी नीति नहीं, बल्कि अस्थिर वैश्विक बाजार में राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक सुनियोजित कदम है। भारत को हो रहा यह लाभ अमेरिका को खटक रहा है। इसके चलते अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर टैरिफ के 25 प्रतिशत अतिरिक्त हजार्ना लगाने की भी घोषणा की है। यह 25 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त है। ट्रंप की भारत पर हजार्ना लगाने के पीछे की दलील बेमानी दिखती है, क्योंकि रूसी तेल खरीदने को लेकर तो वे भारत पर ऊंचे टैरिफ और हजार्ना लगाते हैं, लेकिन मास्को से सर्वाधिक मात्रा में तेल खरीद रहे चीन को अनदेखा कर देते हैं। इस मामले में भारत को जिस प्रकार निशाना बनाया जा रहा है, उससे यह केवल एक वाणिज्यिक विवाद न रहकर हमारे संप्रभु नीति निर्माण को भी चुनौती देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव तब बना रहे हैं, जब उनका दावा है कि रूस के साथ उनकी बात सही दिशा में जा रही है। भारत को उनके द्वारा निशाना बनाए जाने के



बाद तेल की कीमतों से लेकर अमेरिकी बाजारों तक में हलचल देखने को मिली है। ऐसी परिस्थितियों में भारत द्वारा तेल खरीद के फैसले का राजनीतिकरण व्यापक ऊर्जा स्थिरता के परिदृश्य को चोट पहुंचा सकता है। वैसे भी यह रुख-रवैया अपनी सुविधा के अनुसार अपनाया जा रहा है। यूरोपीय संघ ने 2024 में रूस के साथ 67 .5 अरब डालर का व्यापार किया। जबकि 2024 में ही यूरोप ने रूस से रिकार्ड मात्रा में 1 .65 करोड़ टन एलएनजी आयात की। इससे नई दिल्ली में यही धारणा मजबूत हो रही है कि भारत को राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है, जबकि पश्चिमी सहयोगियों को अमेरिका ने छूट दे रखी है। देखा जाए तो रूसी तेल खरीदकर भारत ने केवल अपनी अर्थव्यवस्था को ही फायदा नहीं पहुंचाया, बल्कि वैश्विक मुद्रास्फीतिक दबाव को भी नियंत्रित रखने में भी सहायक बना है। भारत रूसी तेल निर्यात का एक बड़ा हिस्सा खपा रहा है। यदि भारत ऐसा नहीं करता तो लाजिस्टिक्स एवं अन्य बढ़ी हुई लागतों के चलते अंतराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो सकती थी। दुनिया पहले से ही ऊर्जा, खाद्य और परिवहन के स्तर पर महंगाई से परेशान है, तब भारत द्वारा रूसी आयात के अभाव में इस परेशानी में और बढ़ोतरी होना तय था। वैश्विक हालात बद से बदतर होते जाते। घरेलू मोर्चे पर भी रूसी आयात घटाने का अर्थ होगा महंगी पश्चिमी एशियाई आपूर्ति बढ़ाना, ढुलाई की ऊंची लागत झेलना और रिफाइनरियों में इस नई खेप को शोधित करने के लिए आवश्यक परिवर्तन करना। इसका परिणाम या तो उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की ऊंची कीमतों के रूप में निकलेगा या फिर सरकार को तेल सब्सिडी बढ़ानी होगी, जिससे इन्फ्रास्ट्रक्चर और कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च के लिए उसकी राजकोषीय गुंजाइश घटेगी। इस मुद्दे से जुड़े राजनीतिक पहलू भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताता है और चीन की एक काट के रूप में देखता है। क्या कोई अपने रणनीतिक साझेदार को टैरिफ लगाने-बढ़ाने की धमकियां देता है और उसकी ऊर्जा नीति को लेकर सार्वजनिक प्रलाप करता है। इस तरह के आक्रामक कदम रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक सहयोग में दशकों के बने भरोसे पर आघात करते हैं। इससे वाशिंगटन के साथ भावी सक्रियता को लेकर भी भारत और सतर्कता बरतेगा, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में आ रही तेजी निस्तेज पड़ेगी। इतिहास साक्षी है कि भारत ने सदैव अपनी विदेश नीति स्वायत्तता की रक्षा की है। महाशक्तियों के दबाव वाले दौर में भी भारत झुका नहीं। विदेश नीति में भारत का यह स्वतंत्र रवैया यूक्रेन युद्ध में भी रेखांकित हुआ, जब पश्चिमी देशों द्वारा उकसावे के बावजूद भारत अपने रुख पर अडिग रहा। हाल में प्रधानमंत्री मोदी ने यह उल्लेख भी किया कि वैश्विक अस्थिरता के इस दौर में प्रत्येक देश अपने हितों को प्राथमिकता दे रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी स्पष्ट किया कि पारंपरिक खाड़ी आपूर्तिकताओं द्वारा यूरोप का रुख किए जाने से उपजी परिस्थितियों में ही रूस से आयात बढ़ा और अमेरिका एवं अन्य पश्चिमी देश किस तरह खुद रूस से ऊर्जा खरीदारी कर इस मामले में दोहरे रवैये का परिचय दे रहे हैं। यदि वर्तमान परिस्थितियों में भारत और चीन रूसी तेल का आयात बंद कर दें तो कच्चे तेल की कीमतों में एकाएक 20 डालर प्रति बैरल तक की बढ़ोतरी संभव है। समूचा विश्व लंबे समय तक ऊंची कीमतों के दौर को झेलने के साथ आपूर्ति में भी गतिरोध झेलने को विवश होगा। सस्ते रूसी तेल के केवल वाणिज्यिक लाभ ही नहीं, बल्कि यह भारत के वृहद आर्थिक स्थायित्व का भी एक मजबूत स्तंभ है, जो वैश्विक बाजार को भी संतुलन प्रदान कर रहा है। किसी तरह के राजनीतिक दबाव में इससे किनारा करना आर्थिक दृढ़ता और रणनीतिक स्वायत्तता दोनों को क्षति पहुंचाएगा। जब वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य अस्थिरता एवं अनिश्चितता से जूझ रहा है और ओपेक प्लस देश आपूर्ति में संभावित समायोजन के संकेत दे रहे हैं और बाजार कूटनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित हो रहे हैं, तब भारत को अपने आर्थिक एवं रणनीतिक लचीलेपन को हर हाल में कायम रखना चाहिए। ऊर्जा सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य तत्व है और किसी तरह के दबाव में उससे समझौता भविष्य के किसी संकट से निपटने की भारत की क्षमताओं को कमजोर करेगा। ऊर्जा नीति में स्वतंत्र रुख-रवैया घरेलू स्थायित्व को सुरक्षा कवच प्रदान करने के साथ ही अमेरिका-भारत संबंधों की दूरगामी सेहत के भी अनुकूल होगा।

# सड़क के कुत्तों को डॉग शेल्टर होम में रखने के सुप्रीम आदेश के व्यवहारिक मायने दिलचस्प



माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने गत सोमवार को दिल्ली-एनसीआर के इलाकों से सड़क के कुत्तों को पकड़ने और उन्हें डॉग शेल्टर में रखने का निर्देश दिया है, उसके व्यवहारिक मायने दिलचस्प हैं, जबकि कतिपय नेताओं व पशु प्रेमियों ने इस सुप्रीम आदेश की सड़क छाप मुखालफत शुरू कर दी है। देखा जाए तो यह प्रेम या घृणा का मामला नहीं है, बल्कि वह सामाजिक न्यायिक पहल है जिससे सबका लोकतंत्र सुनिश्चित होता है। खासकर उन बच्चों-बुजुर्गों का जिन्हें इनसे सर्वाधिक खतरा रहता है। इसी भय से कई बार वे अकेले पार्क या पड़ोस में जाने से घबराते हैं। दरअसल, कोर्ट ने ऐसा आदेश कुत्तों के काटने और रेबीज के खतरे के बढ़ने के मद्देनजर स्वतः संज्ञान लेते हुए उक्त आदेश दिया है। इसलिए वह आलोचना नहीं बल्कि बधाई का पात्र हैं। इससे मीडिया रिपोर्ट्स की गंभीरता और प्रासंगिकता भी परिपुष्ट हुई है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि इसका दायरा बढ़ाकर इसमें बंदरों और उन जानलेवा आवारा जानवरों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए।सच कहूं तो सभ्य समाज के लिए खतरा बनते जा रहे स्ट्रीट क्रिमिनल्स और स्ट्रीट बायस्ड पॉलिटिकल एक्टिविस्ट, जिनकी लोकल थानों व पुलिस चौकियों से सांठगांठ होती है, यदि इन जैसों के खिलाफ भी ऐसा ही सुप्रीम आदेश निर्गत हो जाए तो सभ्य समाज का भला हो जाएगा। क्योंकि कोई भी लोकतंत्र उन असभ्य लोगों को आजादी का अधिकार नहीं दे सकता, जो कि समाज के अन्य वर्गों के लिए खतरा बनते जा रहे हों। संभव है कि भविष्य में न्यायालय इन विडंबना भरे सामाजिक स्थितियों पर भी गौर करेगा और बेलगाम राजनीतिक व प्रशासनिक हुक्मरानों को समाज के प्रति उसी तरह से संवेदनशील बनाएगा, जैसा कि उसके ताजा निर्णयों से महसूस किया जाता है। बताते चलें कि अपने आदेश में कोर्ट ने साफ कहा है कि सरकार, एमसीडी और एनडीएमसी को अगले 6-8 हफ्तों में शेल्टर रूम की शुरूआत करनी होगी, क्योंकि यहां स्थिति बेहद गंभीर है। लिहाजा, कुत्तों के काटने की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन को तुरंत एहतियाती कदम उठाने की जरूरत है। लगे हाथ कोर्ट ने पशु प्रेमियों को यह दो टूक चेतावनी भी दे दी है कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन इन आवारा कुत्तों को पकड़ने में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वाकई, कोर्ट ने साफ-साफ कहा है कि किसी भी कीमत पर शिशु और छोटे बच्चे रेबीज के शिकार नहीं होने चाहिए। उल्लेखनीय है कि जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने स्पष्ट कहा है कि इस कार्रवाई से लोगों में यह भरोसा पैदा होना चाहिए कि वे बिना डर के स्वतंत्र रूप से घूम सकें, बिना इस भय के कि कोई सड़क का कुत्ता उन्हें काट लेगा। इस प्रकार देखा जाए तो कोर्ट के फैसले की कुछ अन्य अहम बातें इस प्रकार हैं- पहला, कोर्ट ने सड़क के कुत्तों को गोद लेने की दलील खारिज करते हुए स्पष्ट कहा है कि सड़क के कुत्ते अचानक पालतू नहीं बन सकते। इसलिए इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती है। दूसरा, मानव जीवन और सुरक्षा सबसे पहले है। इसलिए तुरंत कदम उठाए जाने चाहिए। तीसरा, रोजाना पकड़े गए और शेल्टर में रखे गए कुत्तों का रेकॉर्ड बनाएं। चतुर्थ, एक सप्ताह के भीतर हेल्पलाइन बनाई जाए, ताकि कुत्ता-काटने के मामलों की रिपोर्ट हो सके।वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट रूप से पूछा है कि, क्या एनिमल एक्टिविस्ट और 'कथित पशु प्रेमी' उन बच्चों को वापस ला पाएंगे जो रेबीज का शिकार हो गए। बता दें कि कोर्ट ने गत 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान लेते हुए यह मामला उठाया था, जब एक रिपोर्ट में दिल्ली-एनसीआर में रेबीज के बढ़ते मामलों, बच्चों और बुजुर्गों की मौत पर चिंता जताई गई थी। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में सड़क के कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने के आदेश के एक दिन बाद, सुप्रीम कोर्ट ने एक और नया सर्कुलर जारी किया। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट परिसर में बचे खाने को खुले में न फेंकें। उसे सिर्फ ढक्कन लगे कूड़ेदान में डालें, जिससे कि जानवरों के काटने की घटनाओं से बचा जा सके। सर्कुलर में इस मामले में नोटिस लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट परिसर में गलियारों और लिफ्ट के अंदर कुत्तों के घूमने की घटनाओं में 'काफी' बढ़त देखी गई है। वहीं, यह सबकुछ करते हुए भी कोर्ट की भाषा विनम्र है और उसने विजिटर से भी निर्देश लागू करने में सहयोग मांगा है। जारी सर्कुलर में आगे कहा गया कि बचा हुआ सारा खाना सिर्फ कूड़ेदान में डाला जाए। किसी भी परिस्थिति में खुली जगह या बिना ढक्कन वाले बर्तनों में खाना नहीं फेंका जाना चाहिए। यह कदम जरूरी है, जिससे कि जानवरों (सड़क के कुत्तों) को खाने की गंध से आकर्षित होकर इधर-उधर घूमने से रोका जा सके। कोर्ट ने माना कि इससे काटने की घटनाओं का खतरा कम होगा और परिसर में साफ-सफाई भी बनी रहेगी। सभी आगंतुकों से इस निर्देश को लागू करने में सहयोग को कहा गया है। बता दें कि यह सब एक स्वस्थ सामाजिक आचरण है, लेकिन जब शिक्षक व प्रशासकों ने अपनी जिम्मेदारी स्वतः न समझी और सामाजिक स्थिति बद से बदतर होती गई तो कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। उधर, कोर्ट के आदेश पर नेताओं का अलग-अलग नजरिया सामने आया है। सड़क के कुत्तों को शेल्टर होम भेजने के सुप्रीम आदेश के खिलाफ कई नेताओं, संगठनों और बॉलिवुड सितारों ने आवाज बुलंद की है। एक ओर जहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस फैसले पर साफ कहा है कि सरकार जल्द ही एक स्ट्रीट डॉग नीति लेकर आएगी और योजनाबद्ध तरीके से कोर्ट के आदेश को लागू करेगी, क्योंकि दिल्ली के लोग इससे तंग आ चुके हैं। इसलिए हम इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि हम लोगों को राहत देना चाहते हैं। चूंकि सड़क के कुत्तों की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, इसलिए हम एक नीति बनाएंगे और लोगों को राहत देंगे। वहीं, दूसरी ओर पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसला की आलोचना करते हुए कहा कि, 'हमें तो पहले से ही ऐसी ही उम्मीद थी। अब, अगर इस आदेश का पालन किया जाता है, तो दिल्ली में तीन लाख कुत्तों को पकड़कर केंद्रों में रखना होगा। दिल्ली सरकार को 1,000-2,000 शेल्टर रूम बनाने होंगे, क्योंकि बहुत सारे कुत्ते आपस में लड़ेंगे। उन्हें रोकने के माकूल प्रबंध करने होंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले में तार्किक सोच अभाव है। बीजेपी सांसद गांधी ने इस मामले में पीएम से हस्तक्षेप की अपील की। जबकि कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल और प्रियंका गांधी ने कहा कि इन्हें हटाना क्रूरता है। तृणमूल कांग्रेस ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर इस आदेश पर फिर से विचार की मांग की। वहीं, जॉन अब्राहम ने कहा कि 'ये कम्युनिटी का हिस्सा है, जिनसे कई लोग लगाव रखते हैं, खासकर दिल्ली के लोग...नसबंदी से इनकी आबादी पर काबू पा सकते है। उल्लेखनीय है कि डॉग लवर्स ने मंगलवार को कनॉट प्लेस पहुंचकर कुत्तों को शेल्टर होम भेजने के फैसले पर नाराजगी जताई और इस सुप्रीम आदेश/फैसले पर फिर से विचार करने की अपील की है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के सितंबर अमेरिकी दौरा से आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलेगी?

चाहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हों, या अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स, दोनों भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ₹टफ नेगोशिएटर₹ यानी ₹कठोर वातार्कार₹ बताते आए हैं। इसका अभिप्राय एक ऐसे व्यक्ति से होता है जो बातचीत में आसानी से हार नहीं मानता, अपनी बात पर दृढ़ रहता है और समझौते पर पहुंचने के लिए आसानी से झुकता नहीं है। जब-जब मैं उन दोनों नेताओं के मुख से टंप नेगोशिएटर शब्द सुनता हूँ तो महसूस करता हूँ कि आखिर इन अमेरिकियों के मन में चल क्या रहा है? लेकिन अब उन बातों का जवाब मिल चुका है। वह यह कि अमेरिका को चीन के मुकाबले एक मजबूत भारत नहीं, बल्कि पिछलग्गू भारत की जरूरत है। वहीं, भारत विरोधी पाकिस्तान व बांग्लादेश को पुनः भड़काकर अमेरिकी नेताओं ने मित्रता की आड़ में जो शत्रुतापूर्ण चालें चलीं हैं, उसके भी सही जवाब का उन्हें इंतजार करना होगा, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी आजतक किसी के चतुराई भरे व्यवहार या दुर्व्यवहार को कभी भूलते नहीं हैं और उचित वक्त आने पर सूद समेत ऐसा वापस करते हैं, जिसे दिग्गज नेता व उद्योगपति ज्यादा समझते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह अच्छा लग रहा है या बुरा। दरअसल, यह बात मैं इसलिए कर रहा हूँ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी सितंबर माह में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करने के लिए मित्र से शत्रु बनते जा रहे देश अमेरिका का अहम दौरा कर सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की संभावित अमेरिका यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक ऐसे समय में हो रही है जब हाल के महीनों में भारत और अमेरिका के बीच संबंध प्रभावित हुए हैं। पहले इन सम्बन्धों पर रूस-यूक्रेन की वक्र दृष्टि पड़ी और फिर भारत-पाक सीमित संघर्ष और इजरायल-ईरान युद्ध की। भारत-चीन की आंखमिचौली की बात अलग है। गौरतलब है ऐसा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने का दावा किया तो नई दिल्ली ने उनके इस दावे का खंडन कर दिया। वहीं रूस-चीन से सीधी शत्रुता मोल नहीं ली। वहीं, गुटनिरपेक्ष भारत ने ग्लोबल साउथ को जो नेतृत्व दिया उससे भी विकसित देश चिढ़े हुए हैं। लिहाजा, सुलगता हुआ सवाल है कि क्या पीएम नरेंद्र मोदी के संभावित सितंबर अमेरिकी दौरा से आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलेगी? यदि हां तो फिर क्या इसके मायने दोनों पक्षों के लिए हितकारी साबित होंगे? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने नवोदित पार्टनर भारत और पीएम मोदी के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हुए हैं? आखिर वो क्या वजह है कि अमेरिका, अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धी चीन का घोर विरोधी होने के बावजूद भी उसे अब नजरअंदाज कर रहा है, जबकि पहले सीधे टारगेट पर लिया करता था? यक्ष प्रश्न है कि भारत का नया करीबी पार्टनर होने के बावजूद अमेरिका उसे आंख पर आंख क्यों दिखाता जा रहा है! क्या भारत के साथ जारी टैरिफ युद्ध सिर्फ व्यापार तक सीमित है या फिर इसका अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक एजेंडा कुछ और है? इस लिहाज से प्रासंगिक सवाल है कि क्या ट्रंप सरकार भारत के साथ अपने संबंधों में तनाव बढ़ाकर एक बड़ी वैश्विक भूल कर रही है? या फिर यूरोपीय संघ के देशों, पाकिस्तान और चीन को पुनः पटाने के लिए वह अपने पुराने ढर्रे पर जा रहा है? समझा जाता है कि इन सभी सवालों के उत्तर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर अमेरिका यात्रा से मिल सकती है। क्योंकि उन्हें 21 वीं सदी का एशियाई बिस्मार्क समझा जाता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी के मुताबिक, यहीं पर उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री मोदी से होगी, जैसा कि पीएम मोदी ने उन्हें आश्वस्त किया है। समझा जाता है कि भारतीय विदेश नीति की परिपक्वता से 'खूनी कारोबारी' के रूप में मशहूर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्धोन्मादी एशियाई सपने धरे के धरे रह गए हैं।

# स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपील करके कांग्रेस के रास्ते पर चल पड़े हैं मोदी: राउत



**पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया स्वदेशी का नारा कांग्रेस का है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सबसे पहले यह नारा दिया था और यह प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी दृष्टिकोण था।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वदेशी का समर्थन करके असली कांग्रेसी बन गए हैं, क्योंकि कांग्रेस ने ही सबसे पहले स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा दिया था। स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में मोदी ने ह्यआत्मनिर्भर भारत बनाने पर जोर दिया और दुकानदारों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। राउत ने यहां पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया स्वदेशी का नारा कांग्रेस का है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सबसे पहले यह नारा दिया था और यह प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी दृष्टिकोण था। शिवसेना (उबाठा) के नेता ने कहा, आज फिर से यह नारा देकर, मोदी गांधी और नेहरू के रास्ते पर चल पड़े हैं। वह एक असली कांग्रेसी बन गए हैं।

# सड़कों, घरों, दफ्तरों और रेलवे ट्रैक तक पानी-पानी, मुंबई में बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

**मुंबई में सावन के बाद भी मूसलाधार बारिश जारी है, जिससे सड़कों पर पानी भर गया है और घरों में भी पानी घुस गया है। मौसम विभाग ने मुंबई और ठाणे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसके तहत अगले दो दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : सावन बीत गया लेकिन अब भी कई इलाकों में मूसलाधार बारिश जारी है। मुंबई में लगातार बारिश हो रही है। सड़कों पर पानी भर गया है। कई घरों और दफ्तरों तक में पानी भरी है। रेलवे स्टेशन से लेकर रेलवे ट्रैक लबालब हो गए हैं। बारिश ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। मुंबई के कई इलाकों अंधेरी, कुर्ला, चेंबूर के हालात बहुत खराब हो गए हैं। आधी रात 1 बजे से सुबह 4 बजे तक रेकॉर्ड बारिश हुई है।

IMD ने मुंबई और ठाणे के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का यह अलर्ट अगले दो दिनों 16 और 17 अगस्त के लिए है। विभाग ने कुछ जगहों पर भारी से बहुत अधिक बारिश की चेतावनी दी है। रायगढ़ जिले में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## हर तरफ पानी ही पानी

मुंबई में बारिश का मौसम जारी है। मौसम विभाग ने कोलाबा और सांताक्रूज वेधशाला ने बताया कि शुक्रवार को बीते 24 घंटों में खूब बारिश हुई है। कोलाबा में 45.2 मिमी और सांताक्रूज में 11.5 मिमी पानी बरसा है। मॉनसून की शुरूआत से अब तक कोलाबा में 1119.2 मिमी और सांताक्रूज में 1435.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## मुंबई में भारी बारिश की वजह

IMDमुंबई की चीफ शुभांगी भूटे ने बताया कि पूरब-पश्चिम की ओर एक द्रोणिका (हवा का वह क्षेत्र जहां दबाव कम होता है ) बनी है। यह दक्षिणी गंगीय पश्चिम बंगाल से पूर्वी-मध्य अरब सागर तक फैली है। यह दक्षिण ओडिशा और उससे सटे उत्तरी आंध्र प्रदेश, उत्तरी तेलंगाना, दक्षिणी महाराष्ट्र के ऊपर बने कम दबाव वाले क्षेत्र से जुड़ी है। यह समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किमी ऊपर है और ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुकी हुई है। इसके प्रभाव से, महाराष्ट्र में 15 से 20 अगस्त 2025 के दौरान भारी बारिश की संभावना है।

## रायगढ़ में रेड अलर्ट

मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि हमने मुंबई के लिए 16 और 17 अगस्त को ऑरेंज अलर्ट और रायगढ़ के लिए 16 अगस्त को रेड अलर्ट जारी किया है। मछुआरों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है। वॉर्निंग में कहा गया है कि 15-16 अगस्त को उत्तरी कोंकण तटों और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। ये हवाएं 60 किमी प्रति घंटे तक बढ़ सकती हैं।

फास्ट ट्रैक

# अंबरनाथ का प्राचीन शिवमंदिर बना आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र

## सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग महायज्ञ में जन्माष्टमी उत्सव, भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ। धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से समृद्ध अंबरनाथ का प्राचीन शिवमंदिर इन दिनों भव्य सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग महाभिषेक महायज्ञ का केंद्र बना हुआ है। दूर-दूर से आ रहे भक्तजन शिवमहिमा का दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं।

### जन्माष्टमी उत्सव में गूंजे भक्ति-रस के स्वर

उद्योगपति डॉ संजय गुप्ता द्वारा आयोजित इस महायज्ञ के बीच आज जन्माष्टमी पर्व का आयोजन अद्वितीय रहा। जगतगुरु ब्रिजेशानंद महाराज के नेतृत्व में चल रहे इस महायज्ञ से पूरा परिसर भक्ति और आनंदमय वातावरण में डूब गया। महाराज ने पारंपरिक सोहर गीत गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### प्रेम का असली स्वरूप : त्याग और निस्वार्थता

अपने प्रवचन में जगतगुरु ने भक्तों को प्रेम की गहराई समझाते हुए कहा कि झ ह्लप्रेम वासना नहीं होता, सच्चे प्रेम का आधार त्याग होता है ।ह्व

उन्होंने कृष्णझराधा के मधुर संबंध, माता यशोदाझकृष्ण का वात्सल्य और भक्तझभगवान के पवित्र प्रेम की व्याख्या कर भक्तों को भावविभोर कर दिया ।गुरु शिष्य संबंध का उल्लेख करते हुए महाराज ने कहा कि समर्पण और श्रद्धा से जीवन का उद्धार संभव है।

### दिव्य आयोजन से धर्म की प्रेरणा

आयोजक डॉ. संजय गुप्ता ने भक्तों के लिए अनुशासित और भव्य व्यवस्था की है। उनका उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज को धर्म, सेवा और त्याग की राह पर प्रेरित करना है।

इस अवसर पर भारत संवाद के सम्पादक अरविंद शर्मा, नवभारत के ठाणे प्रभारी राकेश पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार एच. पी. तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया ।पूरे कार्यक्रम के दौरान लगातार महाभंडारा चलता रहा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद का आनंद लिया और आयोजन की प्रशंसा की।

### भक्ति, सेवा और त्याग की अद्भुत संगति

अंबरनाथ के इस प्राचीन मंदिर में चल रहा महायज्ञ और जन्माष्टमी का आयोजन भक्तों को केवल धार्मिक अनुभव ही नहीं, बल्कि जीवन के आदर्श मूल्यों से भी जोड़ रहा है। श्रद्धा और समर्पण से भरा यह उत्सव सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया है।

# महाराष्ट्र में जेएमए इकाई का चुनाव संपन्न, प्रदेश अध्यक्ष बने हंसराज कनौजिया

## अर्जुन कांबले को प्रदेश महासचिव और आनंद श्रीवास्तव प्रदेश कोशाध्यक्ष चुना गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : जर्नलिस्ट्स एंड मीडिया एसोसिएशन इकाई के महाराष्ट्र राज्य समन्वयक श्री सुधीर शर्मा की अध्यक्षता में मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया मंगलवार,12 अगस्त 2025 को मुंबई महानगर पालिका कैंटीन में आयोजित की गई ।जिसमें, जर्नलिस्ट्स एवं मीडिया एसोसिएशन के महाराष्ट्र चुनाव में हंसराज कनौजिया को प्रदेश अध्यक्ष, अर्जुन कांबले को प्रदेश महासचिव और आनंद श्रीवास्तव को प्रदेश कोशाध्यक्ष चुना गया है। जबकि, प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर सुनील महाकाल, सुनील निकम और रमेश औताडे को नियुक्त किया गया है ।प्रदेश सहसचिव पद पर भालचंद्र नेमाने और राज पंडे को नियुक्त किया गया है और संयुक्त कोशाध्यक्ष पद पर उत्तम सिंह की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर मीडिया से बात कर रहे हुए जर्नलिस्ट्स एवं मीडिया एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हंसराज कनौजिया ने कहा कि मैं काल हूँ मुझे अत्यंत खुसी है कि आज जर्नलिस्ट्स एवं मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव, कोशाध्यक्ष और महाराष्ट्र राज्य समन्वयक श्री सुधीर शर्मा जी और यहाँ उपस्थित सभी मीडिया बंधुओं का दिल से धन्यवाद देता हूँ कि आप लोगों ने मुझ पर अपना विश्वास रखा और मुझे महाराष्ट्र राज्य मे मेरे मीडिया भाई और बहनों की हित की न्याय की कड़ी का मोका दिया है ।मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि दूसरों को न्याय दिलाने वाला चौथा स्तंभ मीडिया आज भी किसी का मोहताज नहीं है, बल्कि अत्याचार और अन्याय के सहारे इसे कमजोर करने की साजिश चल रही है। मीडिया की मौजूदा हालत बेहद दयनीय है और इसे मजबूत करने की जरूरत है ।उन्होंने कहा, वास्तव में जर्नलिस्ट एंड मीडिया एसोसिएशन एक ऐसी संजीवनी बूटी है ।यह अन्याय के विरुद्ध अधिकारों की लड़ाई में कानूनी मंत्र प्रदान करेगा जिससे मीडियाकर्मियों को न्यायिक अधिकार, व्यवस्था और प्राधिकार प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### महाराष्ट्र राज्य इकाई के समन्वयक श्री सुधीर शर्मा का प्रतिक्रिया क्या है।

जर्नलिस्ट एंड मीडिया एसोसिएट्स के महाराष्ट्र राज्य इकाई के समन्वयक श्री सुधीर शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि भविष्य में पत्रकारों को किस प्रकार राज्य में स्थान मिलना चाहिए। इसके लिए जागरूक पत्रकार बनना आवश्यक है। इस संबंध में सुधीर शर्मा ने मार्गदर्शन दिया कि हमें पत्रकार के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग किस प्रकार करना चाहिए, समाज में जागरूकता कैसे पैदा करनी चाहिए तथा समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कैसे क्रियान्वित करना चाहिए तथा उस संबंध में उन्होंने पूर्ण रूप से जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान दिया।

# 15 दिन बाद जाना था लंदन, छात्रा ने 23वीं मंजिल से छलांग लगाकर दी जान, गोरेगांव में दिल दहलाने वाली घटना

**मुंबई के गोरेगांव इलाके में एक दिल दहला देने वाला वाकया सामने आया है। एक नाबालिग छात्रा ने 23वीं मंजिल से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि छात्रा को कुछदिन बाद लंदन जाना था। मृतक छात्रा एक बड़े रियल एस्टेट बिल्डर की बेटी थी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई के गोरेगांव (पूर्व) के आरे कॉलोनी में 17 साल की एक जूनियर कॉलेज छात्रा ने गुरुवार को एक हाईराइज इमारत की 23वीं मंजिल से कूदकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि छात्रा ने बेडरूम की खिड़की से छलांग लगाई थी। आरे पुलिस के मुताबिक, मृतका एक बड़े रियल एस्टेट डिवेलपर की इकलौती संतान थी, जो अवसाद में आकर यह कदम उठाया। हालांकि, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह दो साल से अवसाद से जूझ रही थी और उसका इलाज भी चल रहा था ।15 दिन बाद जाना था लंदनजानकारी के अनुसार वह 15 दिन बाद लंदन जाने वाली थी, जहां उसे आगे की पढ़ाई के लिए एक कॉलेज में दाखिला मिला था। घटना के समय वह 23वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट के अपने बेडरूम में पढ़ाई कर रही थी। उसकी मां रसोई में थी जबकि दादा-दादी दूसरे कमरे में थे। उसके पिता काम के लिए बाहर थे जब उसने यह चरम कदम उठाया। इस घटना को इमारत के रिसेप्शनिस्ट ने देखा, जिसने उसे पोडियम स्तर पर गिरते हुए देखा। मृतका माता-पिता के अनुसार, घटना के पीछे अवसाद ही मुख्य वजह है। आरे पुलिस छात्रा के माता-पिता, उसकी दोस्त, स्कूल और उसका इलाज करने वाले डॉक्टर का बयान दर्ज करने में जुटी है। पुलिस को मृतका के माता-पिता से पता चला कि वह यूके में अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती थी। इसलिए वे लोग पिछले महीने लंदन भी गए थे। बहरहाल, आरे पुलिस एडीआर दर्ज कर केस की जांच कर रही है।

# जाट समाज का ध्वजारोहण कार्यक्रम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जाट समाज की ओर से सीवुड नई मुंबई स्थित जाट समाज भवन में 79 वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम 15 अगस्त 2025 को समाज के अध्यक्ष धर्मपाल कलवानिया के हाथों ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के विभिन्न पदाधिकारी सदस्य गणों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। ध्वजारोहण के पश्चात प्रबुद्ध लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों में नंद रूप चौधरी, किशन लाल, शमशेर , ईश्वर चौधरी,शंकर जाट , हीरालाल, शिशुपाल, हनुमान कीरडोलिया, कवर डूडी, तेजपाल, सागवान, भगीरथ, संदीप घनघस, मनजीत संधू, विठोआ, रवि अहलावत, सोम वीर पिलानिया, जोगिंदर बाम्बल,ढगला राम, मनोहर, सरजीत मलिक, उगमाराम, राजवीर पूनिया, पार्थ वर्मा, शिवलाल, राजपाल तोमर, गोवर्धन, भंवरलाल एवं जगदीश इत्यादि शामिल थे। समारोह समापन के पश्चात नाश्ता एवं चाय की व्यवस्था की गई थी।

# वसई-विरार में राजनीतिक और सामाजिक संस्था द्वारा भव्य दही हंडी उत्सव आयोजित



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

वसई-विरार में राजनीतिक और सामाजिक संस्था द्वारा भव्य दही हंडी उत्सव आयोजित किए। भारी भीड़ उमड़ी और गोविंदा पथकों ने उत्साह से मटकी फोड़ी। चारों ओर जय गोविंदा के नारे गूंजे।

गोविंदा सदस्य घायल

वसई-विरार में राजनीतिक दलों और सामाजिक संस्था द्वारा दही हंडी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। भारी भीड़ और जय गोविंदा के नारों के बीच गोविंदाओं ने थर लगाकर मटकी फोड़ी। इस दौरान तीन गोविंदा सदस्य घायल हो गए,दो गोविंदा फूलपाड़ा और एक गोविंदा अलकापुरी इलाके का है।

# 9 साल से फरार चल रहे आरोपी ठाणे से गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



वर्ष 2016 में एक युवक की हत्या के मामले में 9 साल से फरार चल रहे आरोपी सोनू अच्छेलाल गुप्ता (25) को अपराध शाखा कक्ष 3, विरार ने ठाणे से गिरफ्तार किया है, घटना के दौरान आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के भाई पर लाठी, हॉकी स्टिक व लोहे की रॉड से हमला किया था, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस कार्य को पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम ने 5 महीनों की मेहनत के बाद आरोपी को तकनीकी और खुफिया जानकारी के आधार पर दबोचा, यह कार्रवाई पुलिस की सजगता और प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

# मध्य रेल सोलापुर-सीएसएमटी मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस को 20 डिब्बों के साथ चलाएगा

## यात्रियों के लिए 312 अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराने हेतु 4 अतिरिक्त चेयर कार कोच

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल ने यात्रियों की मांग को देखते हुए सोलापुर-सीएसएमटी मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस में 4 अतिरिक्त चेयर कार कोच जोड़ने का निर्णय लिया है, जिससे ट्रेन की लंबाई बढ़कर 20 डिब्बों की हो जाएगी, जिसका विवरण इस प्रकार है:

- ट्रेन संख्या 22225 सीएसएमटी मुंबई-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस, 28.08.2025 से

- ट्रेन संख्या 22226 सोलापुर-सीएसएमटी मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस, 29.08.2025 से

संशोधित कोच संरचनाः

20 कोच जिनमें शामिल हैं

- 2 एग्जीक्यूटिव चेयर कार (एउ) जिनमें प्रत्येक में 52 सीटें हैं

- 16 चेयर कार (उउ) जिनमें प्रत्येक में 78 सीटें हैं

- 2 चेयर कार लोको पायलट और गार्ड केबिन के साथ में जिनमें प्रत्येक में 44 सीटें हैं

कुल बैठने की क्षमता - 1440

इस अपग्रेड से मुंबई और सोलापुर के बीच यात्रियों के लिए अधिक बैठने की क्षमता, बेहतर सुविधा और सुगम यात्रा उपलब्ध होगी। 4 अतिरिक्त कोच यात्रियों के लिए 312 अतिरिक्त सीटें प्रदान करेंगे। सोलापुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक श्री योगेश पाटिल ने यात्रियों से इस उन्नत सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने और देश की प्रतिष्ठित वंदे भारत एक्सप्रेस में एक बेहतरीन यात्रा अनुभव का आनंद लेने की अपील की है।

# ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित मध्य रेल की आरपीएफ बैंड प्रस्तुति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित एक विशेष आरपीएफ बैंड प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन मध्य रेल आरपीएफ द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में 15 अगस्त 2025 को किया गया। इस अवसर पर श्री धर्म वीर मीना, महाप्रबंधक, मध्य रेल ने कहाः श्यह कार्यक्रम उन सभी वीरों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया। आरपीएफ बैंड की देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति वास्तव में प्रेरणादायक रही। इस कार्यक्रम में मध्य रेल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, श्री विवेक सागर, अन्य प्रधान विभागाध्यक्ष , मंडल रेल प्रबंधक, मुंबई मंडल श्री हिरेश मीणा, वरिष्ठ अधिकारीगण, मध्य रेल के कर्मचारी एवं उनके परिजन, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम देशभक्ति, एकता और बलिदान की भावना को जीवंत करता हुआ सभी के दिलों को छू गया।


**पश्चिम रेलवे**

**स्टील डस्टबिन्स की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन**

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा क्र. : 81255588 दिनांक 07.08.2025** आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान : सिंगल यूनिट के तौर पर ट्रिप्लीकेट फॉर्म में स्टील डस्टबिन्स की आपूर्ति और अधिष्ठापन. (केवल सूखे कचरे, गीले कचरे और प्लास्टिक उपयोग हेतु). मात्रा – 505 सेट्स. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,26,24,495/-. **ईएमडी** : रु. 2,52,490/-. **ई-निविदा दस्तावेज जमा करना बंद होने की तिथि एवं समय** : 15.09.2025 को 11.00 बजे तक. **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 15.09.2025 को 11.00 बजे. निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है. 0495

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सूचना क्र. : (i) डब्ल्यूआर-पीएल-एमई-ईएसटी-655244 (आईसीएफ) तथा (ii) डब्ल्यूआर-पीएल-एमई-ईएसटी-656049ए** (एलएचबी). निविदा बंद होने की तिथि परिवर्तित कर दी गई है. **मौजूदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 19.08.2025 को 15.00 बजे. **संशोधित निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 29.08.2025 को 15.00 बजे. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी. 0502

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत कार्य**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल-81-18-180-डब्ल्यूए-39, दि. 13.08.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : अंधेरी – गोरेगांव अनुभाग : अंधेरी से गोरेगांव के बीच रेलवे यार्ड लाइटिंग की मरम्मत. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 80,63,530/-. **ईएमडी** : रु. 1,61,300/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 12.09.2025 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 12.09.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0497

Like us on : facebook.com/WesternRly



**महाराष्ट्र शासन**

**कार्यालय, कार्यकारी अभियंता, दक्षिण मुंबई विद्युत मंडल,**

**प्रथम मंजिल, बांधकाम भवन, मर्जबान रोड, फोर्ट, मुंबई 400 001**

**ईमेल - elsouthmumbai.ee@mahapwd.gov.in**

**दूरभाष क्रमांक - 022-22008448**

**ई-निविदा सूचना क्र. 19 / 2025-26**

कार्यकारी अभियंता, दक्षिण मुंबई विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग, मुंबई द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए विद्युत अनुज्ञप्तिधारक ठेकेदारों से ऑनलाइन आइटम रेट निविदा फॉर्म आमंत्रित की जाती हैं. ई-निविदा दस्तावेज लोक निर्माण विभाग, महाराष्ट्र शासन के ई-टेंडरिंग पोर्टल_https://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं. अधीक्षण अभियंता (विद्युत), मुंबई क्षेत्र विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग, मुंबई को किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी.

**कार्य का नाम**: 1) अनु. क्र. ATL/C/HA/1033/2025-26 – मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज़ निर्मित वीआरएफ प्रकार एयर कंडीशनिंग सिस्टम (900 एचपी) के पूर्ण व्यापक रखरखाव अनुबंध की आपूर्ति, जो मुख्य भवन, बंबई उच्च न्यायालय, फोर्ट, मुंबई 32 में स्थापित है [तीन वर्षों के लिए].

**अनुमानित लागत**: रु. 1,63,89,000/- (एक करोड़ तिरसठ लाख नवासी हजार मात्र).

**कार्य का नाम**: 2) अनु. क्र. CR/MESD/MS/8022/2025-26 – मुख्य भवन में स्थापित सभी विद्युत अनुबंध पैनलों तथा मंत्रालय, मुंबई के परिशिष्ट भवन के डाकघर दिशा व आरसा गेट दिशा मीटर कमरों में मुख्य पैनलों के पूर्ण व्यापक रखरखाव अनुबंध की आपूर्ति (03 वर्षों के लिए).

**अनुमानित लागत**: रु. 1,75,89,030/- (एक करोड़ पचहत्तर लाख नवासी हजार तीस मात्र).

**पूर्व-निविदा बैठक का समय व स्थान**: दिनांक 21.08.2025 को 15:00 बजे अपराह्न, अधीक्षण अभियंता (विद्युत), मुंबई क्षेत्र विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग, मुंबई.

**दस्तावेज डाउनलोड/विक्रय अवधि**: दिनांक 18.08.2025 को 13:00 बजे अपराह्न से दिनांक 26.08.2025 को 13:00 बजे अपराह्न तक.

**निविदा खोलने की तिथि व स्थान**: दिनांक 28.08.2024 को 14:00 बजे अपराह्न के पश्चात (यदि संभव हो) तथा अधीक्षण अभियंता (विद्युत), मुंबई क्षेत्र विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग, मुंबई.

ई-निविदा संबंधी सभी जानकारी निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है:

1. https://mahatenders.gov.in
(यदि ई-निविदा सूचना में कोई परिवर्तन होगा तो इसकी जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दी जाएगी).
2. कार्यकारी अभियंता, दक्षिण मुंबई विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग, मुंबई, कार्यालय सूचना फलक.
3. पश्चात-योग्यता का मानदंड कार्य अनुबंध में सम्मिलित है।

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता,
दक्षिण मुंबई विद्युत मंडल
लोक निर्माण विभाग, मुंबई - 01

**ON/EE/SMED/TC/4707/2025-26**
दिनांकः 07.08.2025

## कोंकण नगर राजा गोविंदा पथक ने संस्कृति दहीहंडी में 10 मानवी श्रृंखला लगाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

### परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने 25 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,प्रताप सरनाईक फाउंडेशन और संस्कृति युवा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित 2025 के दहीहंडी महोत्सव में कोंकण नगर राजा गोविंदा पथक ने पहली 10 मानवी श्रृंखला बनाकर विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्हें 25 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गई। यह क्षण सभी भारतीयों के लिए गौरव का क्षण है ।इसके पहले 9 मानवी श्रृंखला बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हुआ था आज यहीं पर विश्व रिकॉर्ड टूट गया है। इससे पहले भी, संस्कृति युवा प्रतिष्ठान के मंच पर 9 मानवी श्रृंखला का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था। आज, कोंकण नगर टीम ने उस अभूतपूर्व रिकॉर्ड से एक श्रृंखला ऊपर जाकर नया इतिहास रच दिया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा है कि ?गोविंदा महाराष्ट्र की संस्कृति की आत्मा हैं। 10 लेयर का रिकॉर्ड न केवल ठाणे, बल्कि पूरे देश का गौरव है। खिलाड़ियों ने अपनी परंपरा में आधुनिकता का समावेश करके पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। हमने शिवसेना प्रमुख स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे, स्वर्गीय आनंद दिघे साहब की परंपरा को आगे बढ़ाया है। आज का क्षण अत्यंत गौरवान्वित करने वाला है। संस्कृति युवा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष और युवा सेना के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक ने कहा कि इससे पहले, हमारे मंच पर 9 लेयर का रिकॉर्ड बनाया गया था। आज, मुझे 10 लेयर की नई ऊँचाई पर पहुँचकर बेहद गर्व हो रहा है। कोंकण नगर के गोविंदा ने कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अनुशासन के समन्वय से महाराष्ट्र की उपलब्धियों का परचम पूरी दुनिया में लहराया है। मुझे विश्वास था कि कोंकण नगर विश्व रिकॉर्ड बनाएगा, और आज मेरा विश्वास सही साबित हुआ है।

## युवा स्टार प्रतिष्ठान के दही हांडी उत्सव में खोपट का राजा की 9 मानवी श्रृंखला

### रेमंड कॉम्प्लेक्स में हजारों लोग शामिल, 5 लाख रुपये का इनाम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





ठाणे ,युवा स्टार प्रतिष्ठान के अध्यक्ष तुकाराम आम्ब्रे द्वारा रेमंड कॉम्प्लेक्स में पहली बार आयोजित भव्य दहीहंडी उत्सव में, खोपट राजा मित्र मंडल ने अनुशासित तरीके से आसानी से 9 मानवी श्रृंखला बनाई और 5 लाख रुपये का इनाम जीता। रिमझिम बारिश में हजारों नागरिकों की उपस्थिति में खोपट का राजा ने ठाणेकरों के सिर पर ताज पहनाया। इस बीच, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी उत्सव का दौरा किया और पहले वर्ष के सफल आयोजन की सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मवीर आनंद दिघे साहब द्वारा शुरू किया गया दहीहंडी उत्सव आज विश्व स्तर पर पहुँच गया है। युवा स्टार प्रतिष्ठान के अध्यक्ष तुकाराम आम्ब्रे, टेन एक्स हैबिटेंट्स, खेड़ तालुका रहवासी संघ और वार्ड क्रमांक 7 के पार्टी पदाधिकारियों की ओर से दहीहंडी उत्सव का उत्सव सुबह शुरू हुआ। मुंबई-ठाणे शहर से कई गोविंदा टीमें उत्सव के लिए एकत्रित हुई थीं। इसमें सहयोग मित्र मंडल-लक्ष्मी-चिरागनगर, ठाणे के साई प्रसाद मित्र मंडल ने 8 मानवी श्रृंखला बनाकर सलामी दी। जबकि कई मंडलों ने 7 और 6 मानवी श्रृंखला बनाकर सलामी देते हुए उत्साह बढ़ाया। कुछ महिला टीमों ने भी सलामी दी। हिरकणी महिला टीम ने जल्दी से 5 मानवी श्रृंखला बनाए और नागरिकों की वाहवाही लूटी। दोपहर में, जब खोपट का राजा मित्र मंडल रेमंड कॉम्प्लेक्स में पहुंचा, तो यह घोषणा की गई कि वे 9-स्तरीय सलामी का देंगे। इससे नागरिकों में उत्साह का संचार हुआ। गोविंदाओं की इस टोली ने व्यवस्थित और अनुशासित ढंग से मानवी श्रृंखला का निर्माण शुरू किया। टोली ने एक-दूसरे का उत्साहवर्धन करते हुए, नौ स्तरों वाली श्रृंखला बनाई। जैसे ही नौवें श्रृंखला से बालिका तुर्या चौधरी ने हाथ उठाया, हजारों नागरिकों ने तालियाँ बजाई। सभी ने इस रोमांचक आयोजन को देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की ।विधायक निरंजन डावखरे, पूर्व सांसद आनंद परांजपे, पूर्व महापौर अशोक वैती, परिवहन समिति के अध्यक्ष विलास जोशी, शिवसेना के उपनेता नीलेश साम्ब्रे और अन्य गणमान्य नेताओं ने उत्सव में आकर गोविंदा टोलियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने पहली बार इस भव्य आयोजन के लिए तुकाराम आम्ब्रे की भी प्रशंसा की ।इस महोत्सव की सफलता के लिए अध्यक्ष तुकाराम आंब्रे, पप्पू कदम, मंडल कोषाध्यक्ष परशुराम आंब्रे, संतोष मोरे, परशुराम साबले, राहुल सदरे, प्रताप सुर्वे, राजेंद्र कुंभारे, रुक्मिणी त्रिवेदी, सागर कद, निखिल केरकर, विजय नागवकर, अमरीश कल्लू, अरुण नायर, संजय सुर्वे, नीलेश काकड़े, मनीष कोलटे, अभिजीत साजेकर, महेश कायस्थ, स्वाति कदम सहित अन्य कार्यकताओं ने सहयोग किया।

फास्ट ट्रैक

## महिला के घर में चोरी

### पति की गैरमौजूदगी में दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर लूटे जेवर और नकदी

शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में एक महिला के साथ लूट की वारदात सामने आई है। चंदियुरा बहादुरपुर की रहने वाली रामदेवी ने दो लोगों पर लूट का आरोप लगाया है। रामदेवी ने बताया कि उनके पति सोनपाल हरियाणा में मजदूरी करते हैं। वह अपने बच्चों के साथ गांव में रहती हैं। 14 अगस्त की रात करीब 12 बजे गांव के ही अमर सिंह और राजीव उनके घर में घुस आए। पीड़िता के मुताबिक, राजीव ने उनके सीने पर तमंचा रख दिया। उन्हें और उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान अमर सिंह ने संदूक का ताला तोड़कर सोने के एक जोड़ी झाले, एक हार और चांदी के जेवर निकाल लिए। आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट भी की। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी अजय कुमार को शिकायत की है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि उन्होंने संबंधित थाने को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हालांकि अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।



## हलिया थाना में मनाया गया जन्माष्टमी समारोह

### की गई पूजा अर्चना, क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने लिया प्रसाद

मिर्जापुर, मिर्जापुर के हलिया थाना परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने थाना परिसर को जन्माष्टमी के अवसर पर सजाया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इनमें विनोद सिंह, समाजसेवी सुधीर सिंह, सुरेश मिश्र, राजू सिंह और बबलू सिंह प्रमुख रहे। थानाध्यक्ष की ओर से सभी आगंतुकों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। पुलिस कर्मियों ने आने वाले लोगों को जलपान कराया। कार्यक्रम की व्यवस्था में थाने के हेड कांस्टेबल इमरान और सुनील कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री का वितरण

### जरूरतमंद लोगों को एप्पल जूस किया गया वितरित, स्वास्थ्य जागरूकता पर भी चर्चा

मिर्जापुर, सीखड विकास खंड के गांव बारी में आस्था महिला एवं बाल विकास संस्था ने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक पहल की। संस्था ने 50 जरूरतमंद लोगों को पोषण किट वितरित किए। इनमें गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, किशोरियां, विधवाएं, दिव्यांग और वृद्धजन शामिल थे। पोषण किट में डाबर च्यवनप्राश और विभिन्न प्रकार के रियल फ्रूट पावर जूस शामिल थे। इनमें पिंक गुआवा, मिक्स्ड फ्रूट, क्रैनबेरी और एप्पल जूस दिए गए। ये सभी उत्पाद विटामिन से भरपूर हैं। संस्था के प्रतिनिधि रतन कुमार मिश्रा ने लाभार्थियों को इन उत्पादों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पर भी ध्यान दिया गया। लोगों को साफ-सफाई, बाल विवाह रोकथाम और बाल श्रम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में विनोद, कमलेश, सिनोद, भोला, प्रेम, राजेश और गीता सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी लाभार्थियों ने पोषण किट के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।

## अंबरनाथ में 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर शहीद मेजर शौर्य चक्रवर्ती स्मारक उद्यान और पथ नामकरण का उद्घाटन हुआ

### शहीद मेजर शौर्य चक्रवर्ती 2006 में युद्ध प्रशिक्षण के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए थे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ. अंबरनाथ पूर्व स्थित मोतीराम पार्क इलाके में रहने वाले पूर्व भारतीय सैनिक मेजर शौर्य चक्रवर्ती जो देश सेवा करते हुए 29 सितंबर 2006 को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हो गए थे कि स्मृति मे और उनको सम्मान प्रदान करने हेतु 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोतीराम पार्क परिसर स्थित शहीद मेजर वीर शौर्य चक्रवर्ती स्मारक और पथ नामकरण का उद्घाटन अंबरनाथ के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड के कर कमलों द्वारा शुक्रवार 15 अगस्त को किया गया। इस स्मारक के लिए शहीद मेजर के वयोवृद्ध पिता शांतनु और माँ नमिता चक्रवर्ती विगत पंद्रह वर्षों से शासन प्रशासन से संघर्ष कर रहे थे। उद्घाटन अवसर पर मातापिता के चेहरे पर गर्व और खुशी का भाव आसानी से देखा जा सकता था। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया वीर मेजर शौर्य चक्रवर्ती ने सेना में 19 ग्रेनेडियर्स के साथ कारगील युद्ध में भी भाग लिया था। सेना में उनकी वीरता के लिए उन्हें 2000 में थल सेनाध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने ऑपरेशन विजय, रक्षा और पराक्रम जैसे अभियानों में भी योगदान दिया था। वर्ष 2005 में उन्हें मेजर के पद पर पदोन्नत किया गया था। दुर्भाग्यवश 29 सितंबर, 2006 को युद्ध प्रशिक्षण के दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मेजर वीर शौर्य चक्रवर्ती का 28 वर्ष की अल्पायु में निधन हो गया था। यह स्मारक बनने और सड़क का नामकरण उनके शहीद बेटे के नाम पर होने से उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई ।वर्ष 2010 में शौर्य के माता-पिता ने अपने खर्चे पर मोतीराम पार्क स्थित अपने घर के पास एक स्मारक बनवाया था। मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड ने इस संपूर्ण कार्य में तत्परता दिखाते हुए इस कार्य को सफल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट के शहर अध्यक्ष सदाशिव मामा पाटिल, स्थानीय पूर्व नगरसेविका रेशमा अजीत काले, अजीत काले, महाराष्ट्र टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार शरद पवार, पूर्व सैनिक और काफी संख्या में स्थानिक लोग मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली में अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 के लिए सम्मानित

### नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल में महाराष्ट्र राज्य के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में दिया गया सम्मान।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ. 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्व मानवतावादी दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार 15 अगस्त को रेडिसन ब्लू होटल नई दिल्ली में आई कैन फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के महाराष्ट्र प्रभाग के गवर्नर, कल्पना श्रुति समाचार पत्र के प्रधान संपादक और अंबरनाथ के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला को महाराष्ट्र राज्य के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में ह्यूमैनिटीरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 के लिए सम्मानित किया गया। अजय श्रीनिवास राव चिरिवेल्ला को यह अवॉर्ड भारत सरकार के पूर्व कोयला मंत्री संतोष बगरोडिया, ओएनजीसी के निदेशक जौहरी लाल और आई कैन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गौतम के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया ।अवॉर्ड प्रतिवर्ष वर्ल्ड ह्यूमैनिटेरियन डे के उपलक्ष में समाज के परिवर्तनकारी और प्रेरणादायक व्यक्तित्व को प्रदान किया जाता है ।अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला को यह अवॉर्ड उनके मानवाधिकार के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और अपने समाचार पत्र कल्पना श्रुति के माध्यम से समाज के शोषितों वंचितों के अधिकार के लिए आवाज उठाने के लिए प्रदान किया गया। उन्हें यह अवॉर्ड मिलना न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि सभी अंबरनाथकरों के लिए भी गौरव की बात है। अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला को ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित होने पर राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी शरद पवार गट के अंबरनाथ शहर अध्यक्ष सदाशिव मामा पाटील, राष्ट्रवादी काँग्रेस अजित गट के अंबरनाथ शहर के नेते डी.मोहन, ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स असोसिएशन के जिल्हा प्रमुख प्रदीप कुमावत, अंबरनाथ तालुका प्रमुख बालासुंदरम मुदलियार, महिला जिल्हा प्रमुख दीपा एडविन, अंबरनाथ महिला प्रमुख राधिका मुखर्जी, मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारी, अंबरनाथ प्रेस क्लब के अध्यक्ष नवभारत के वरिष्ठ पत्रकार कमर काजी, अंबरनाथ टाइम्स के कार्यकारी संपादक राजेंद्र सूर्यवंशी, सागर वृत्तपत्र के प्रतिनिधी सिझर लॉरेन्स, संभाजी ब्रिगेड के अध्यक्ष सुनील अहीरे, वृतांत जिल्हा के संपादक शत्रुघ्न उमप, शिव दरबार के संपादक प्रफुल थोरात, गोसावी समाज के उपाध्यक्षा नेहा गोसावी, वामसी राव, विनय मिश्रा, भाजपा नेता सजेर्राव महुरकर आदि ने उन्हें बधाई संदेश दिए है।

## हर घर तिरंगा' सिर्फ.एक अभियान नहीं, बल्कि देशभक्तों के प्रति सम्मान का प्रतीक :डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , 'हर घर तिरंगा' अभियान के अवसर पर, ठाणे ज़िला प्रशासन ने एक अत्यंत सराहनीय और प्रेरक पहल की और स्वतंत्रता सेनानियों, शहीद सैनिकों, पूर्व सैनिकों व आपातकाल विरोधी सत्याग्रहियों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। ज़िलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान ने देशभक्ति और बलिदानियों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया। इस अभियान के तहत, ज़िलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल स्वयं शहीद हवलदार सुधीर धोंडू आम्ब्रे की वीर पत्नी श्रीमती सुप्रिया सुधीर आम्ब्रे के घर गए और उन्हें धन्यवाद पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने 17 सितंबर, 2001 को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए सुधीर आम्ब्रे के सर्वोच्च बलिदान के लिए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही, जिले के प्रत्येक तालुका के तहसीलदारों और उनके कर्मचारियों ने शहीद सैनिकों के माता-पिता और पत्नियों के घर जाकर उन्हें धन्यवाद पत्र प्रदान किए। उनके बलिदान को याद करते हुए उन्हें विधिवत सम्मानित किया गया ।पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए, जिलाशिकारी डॉ. पांचाल द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र व्हाट्सएप के माध्यम से 10,000 से अधिक पूर्व सैनिकों को भेजे गए। यह विशेष सम्मान उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए दिया गया ।1975 के आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लड़ने वाले 129 सत्याग्रहियों को भी तहसीलदारों के माध्यम से जिला कलेक्टर द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। उनके योगदान को नमन करते हुए, जिला प्रशासन ने उनके प्रति विशेष सम्मान व्यक्त किया। इस पहल को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल, निवासी उप जिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, उप जिलाधिकारी (सामान्य प्रशासन) रूपाली भालके, तहसीलदार सचिन चौधरी, सभी प्रांतीय अधिकारी, तहसीलदार, अन्य राजस्व अधिकारी, कर्मचारी और ठाणे जिला सूचना कार्यालय ने अच्छा समन्वय स्थापित किया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 2 अगस्त से 15 अगस्त तक लागू की गई इस अभिनव पहल ने देश के लिए योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान के लिए एक सामाजिक जागरूकता पैदा की है।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट ने 79 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम आयोजित किया।

### शहर अध्यक्ष सदाशिव मामा पाटिल ने सैन्य कर्मियों का सम्मान सत्कार किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट के अध्यक्ष सदाशिव मामा पाटिल ने अपने अंबरनाथ पूर्व के मोतीलाल पार्क स्थित जनसंपर्क कार्यालय में देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रातः 10 बजे पार्टी अध्यक्ष सदाशिव मामा पाटिल ने ध्वजारोहण और राष्ट्रध्वज का सलामी देते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ किया। इसके पश्चात भारतीय सैन्य अधिकारियों दत्ता चव्हाण चक्रवर्ती हजारे को पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया। इसके पश्चात अंबरनाथ नगरपालिका परिषद के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड का भी पुष्पगुच्छ और शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में अंबरनाथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महिला शहर अध्यक्ष पूनम शेलार, विनोद शेलार, अरबाज कुरैशी, इमरान खान, राजू सूर्यवंशी, बालासाहब पाटिल आदि कार्यकताओं के साथ स्थानिक नागरिक काफी संख्या में उपस्थित थे।



## बदलापुर नगरपालिका प्रशासक के भ्रष्टाचार और गोल मोल कार्यों को बेनकाब करेंगे आमदार किसन कथोरे

### भ्रष्टाचार के वसई मॉडल की तरह ईडी की कार्यवाही भविष्य में संभव है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बदलापुर. मुरबाड विधानसभा के भाजपा आमदार किसन कथोरे ने शुक्रवार 15 अगस्त सांयकाल अपने जनसंपर्क कार्यालय में एक पत्रकार परिषद के माध्यम से बताया कि बदलापुर नगरपालिका चुनाव के मद्देनजर वार्ड रचना निर्माण में अधिकारियों और तथाकथित लोगों द्वारा पैसों के लेन देन के आधार पर भ्रष्टाचार किया गया है। वार्ड रचना में निजी लाभ को ध्यान में रखते हुए आपसी मिलीभगत से मैच फिक्सिंग की गई है ।बदलापुर की जनता को अंधेरे में रखने का कार्य प्रशासक द्वारा किया जा रहा है। बदलापुर की जनता के पैसे का दुरुपयोग खुल कर किया जा रहा है। स्थानीय आमदार होने के नाते मैं आंख बंद कर ये सब नहीं देख सकता। इस भ्रष्टाचारी व्यवस्था के खिलाफ राज्य सरकार, मुख्यमंत्री, नगरविकास सचिव, चुनाव आयोग को शिकायत की गई है। सांसद अपने विकास कार्यों को लेकर उन्हें विश्वास में न लेकर मनमानी ढंग से कार्य करते हैं। और वो ऐसे भ्रष्ट्राचार को वसई नगरपालिका मॉडल के आधार पर बेनकाब करेंगे। उन्होंने बदलापुर नगरपालिका में हुए भ्रष्ट्राचार और अधिकारियों के दुर्व्यवहार और जनता के प्रति जवाबदारी न निभाने के लिए ईडी की कार्यवाही करने का इशारा दिया है। समय से पहले गोपनीय वार्ड रचना के बाहर आने की घटना के प्रति उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि इस पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। नगरपालिका के प्रशासक को जनता के प्रति जवाबदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि वे जनता के बाप नहीं बल्कि जनता उनकी बाप है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आने वाली 18 तारीख को वे नगरपालिका परिषद और प्रशासक संबंधी भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा खोलने जा रहे हैं। उक्त पत्रकार परिषद में भाजपा नेता राजेंद्र घोरपड़े, शरद तेली और किरण भोईर आदि नेता उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

### आठ महीने से पुलिस को चकमा देकर चल रहा था फरार, कई मकानों में की थी चोरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी मुजज्मिल को गिरफ्तार कर लिया है। मुजज्मिल थाना सिंधौली क्षेत्र के भटपुरा रसूलपुर का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर आठ महीने पहले लोधीपुर मोहल्ले में कई मकानों में चोरी की थी। पुलिस पहले ही इस मामले में दो आरोपियों जुनैद और फईम को गिरफ्तार कर चुकी है। इन दोनों से पूछताछ में मुजज्मिल का नाम सामने आया था। मुजज्मिल के खिलाफ पहले से तीन अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की जांच में मुजज्मिल का चोरी की घटनाओं में शामिल होना सामने आया था। लंबे समय तक फरार रहने पर पुलिस ने उस पर गैंगस्टर एक्ट लगाया और 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुकरमपुर गांव के पास शराब के ठेके से उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।



## रईस हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर फहराया गया तिरंगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,भिवंडी के रईस हाई स्कूल एवं जूनियर कॉलेज मैदान पर 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के पश्चात, रईस हाई स्कूल के विद्यार्थियों एवं स्काउट टीम ने अब्दुल लतीफ पंगारकर एवं इकरा मैडम के मार्गदर्शन में अपने करतब दिखाए। जिनकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। तत्पश्चात, केएमई सोसायटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन की अध्यक्षता में उर्दू बसेरा सभागार में एक रंगारंग समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए तरानाऐ रईस, महाराष्ट्र गीत, देशभक्ति गीत आदि प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसएससी एवं एचएससी बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने अध्यक्षीय भाषण में एडवोकेट यासीन मोमिन ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में नाज़िम नासिकर, नदीम तासे, इरफान बरडी एवं प्रधानाचार्य ज़ियाउर्रहमान अंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मोमिन यूनुस असजद और शेख अब्दुल रहमान अब्दुल कादिर द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत और अनुवाद से हुई। प्रधानाचार्य ज़ियाउर्रहमान अंसारी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया ।कार्यक्रम का संचालन आमिर कुरैशी और रविश सैयद ने किया। उप-प्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## परशुराम जन्मस्थली के निर्माण कार्य का निरीक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने परशुराम जन्मस्थली का दौरा किया। उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंत्री ने सबसे पहले जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के साथ राम ताल के पास बन रहे नाले का निरीक्षण किया। सीएनडीएफ के जेई सुशील कुमार को बरसात को देखते हुए नाले के मजबूत निर्माण के निर्देश दिए। निर्माण कार्य में कई बदलाव के आदेश दिए गए। यूपीपीसीएल के एई श्यामा प्रकाश मिश्रा को सोलर प्लांट की क्षमता 10 किलोवाट से बढ़ाकर 25 किलोवाट करने को कहा। लिफ्ट की क्षमता 8 से बढ़ाकर 16 लोगों की करने का निर्देश दिया। मंदिर में बड़ा बरामदा और हॉल बनाने की योजना भी दी गई। शौचालय में सामान्य और कमोड सीट की संख्या बराबर रखने का निर्देश दिया गया। एक महत्वपूर्ण निर्णय में भगवान परशुराम की मूर्ति तालाब की बजाय मंदिर परिसर में स्थापित करने का निर्देश दिया गया। दौरे के अंत में मंत्री ने मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय से विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई और भगवान परशुराम के दर्शन किए।



भारत संवाद परिवार


1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प-पुतिन के बीच 3 घंटे बैठक, कोई डील नहीं हुई

## दोनों 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रवाना हुए; 18 अगस्त को जेलेंस्की अमेरिका जाएंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मॉस्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। वहीं, जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनकी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से डेढ़ घंटे बातचीत हुई। जेलेंस्की 18 अगस्त को वॉशिंगटन डी.सी. जाकर ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है।

### ट्रम्प-जेंलेंस्की ने डेढ़ घंटे बात की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से डेढ़ घंटे से ज्यादा लंबी बातचीत हुई। इस दौरान करीब एक घंटे तक दोनों नेताओं ने आपस में अकेले चर्चा की और फिर यूरोपीय नेताओं को भी जोड़ा गया। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन्हें रूस के राष्ट्रपति के साथ हुई मुलाकात और बातचीत की जानकारी दी। यूक्रेन ने ट्रम्प के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसमें यूक्रेन, अमेरिका और रूस की त्रिपक्षीय बैठक करने की बात कही गई है। जेलेंस्की सोमवार को वॉशिंगटन डी.सी. जाकर राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात करेंगे और युद्ध खत्म करने पर विस्तार से बातचीत करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि यूरोपीय देशों की भागीदारी जरूरी है ताकि अमेरिका के साथ मिलकर मजबूत सुरक्षा गारंटी मिल सके। उन्होंने अमेरिका से मिले सकारात्मक संकेतों का स्वागत किया और सभी सहयोगी देशों का धन्यवाद किया।

**ट्रम्प-पुतिन प्रेस ब्रीफिंग की 5 अहम बातें:**

- ट्रम्प-पुतिन में 3 घंटे क्या बातचीत हुई, इसकी जानकारी नहीं।
- 12 मिनट चली प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने किसी पत्रकार के सवाल का जवाब नहीं दिया।
- ट्रम्प ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही, लेकिन अभी कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ।
- पुतिन ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए उसकी असल वजह को खत्म करना जरूरी।
- पुतिन ने कहा कि अगर 2022 में ट्रम्प राष्ट्रपति होते, तो यूक्रेन युद्ध नहीं होता।

# पाकिस्तान में कुदरत का कहर, अचानक आई बाढ से 300 से ज्यादा मौतें

एजेंसी

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में मूसलाधार बारिश और अचानक आई बाढ ने भारी तबाही मचाई है, जिससे मात्र 24 घंटों में 300 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। मृतकों में एक बचाव हेलीकॉप्टर के पांच चालक दल के सदस्य भी शामिल हैं, जो बाढ पीडितों तक मदद पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे।

नदियां और नाले उफान पर हैं, और पानी सडकों व घरों में भर गया है। इस विनाशकारी बाढ ने पेड उखाड दिए हैं

और अपने रास्ते में आने वाले सभी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया है। मूसलाधार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन भी हुआ है, जिससे सडकें बह गई हैं और कई इलाकों का



संपर्क टूट गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में पानी में डूबे घर, तैरती हुई कारें और बचावकर्मी दिख रहे हैं, जो इस भयंकर तबाही के बीच लोगों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, बुनेर के उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि सबसे ज्यादा मौतें पीर बाबा और मलिक पुरा गांवों में हुई हैं, जहां प्राथमिक उपचारकर्ता अभी भी शवों को निकालने का काम कर रहे हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस आपदा में अब तक 307 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से अकेले बुनेर में 184 लोग मारे गए। अन्य जिलों में भी बडी संख्या में मौतें हुई हैं, जैसे शांगला में 36, मनसेहरा में 23 और स्वात में 22। पीडीएमए के प्रवक्ता ने बताया कि मृतकों और घायलों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है, क्योंकि अभी भी कई लोग लापता हैं। इस बीच, अफगान सीमा के पास बाजौर में एक राहत हेलीकॉप्टर खराब मौसम के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी पांच चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस बाढ की स्थिति की समीक्षा के लिए एक आपात बैठक की अध्यक्षता की है।

> **पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में मूसलाधार बारिश और अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है, जिससे 24 घंटों के भीतर 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। शहर, गांव और सड़कें पानी में डूब गए हैं, और बचावकर्मी भी इस प्राकृतिक आपदा का शिकार हुए हैं।**

# ट्रम्प बोले-रूस से तेल लेने वाले देशों पर प्रतिबंध नहीं

## भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस ने एक बड़ा ग्राहक खोया

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो फिलहाल रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहें है। ट्रम्प ने कहा, मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50% हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा- दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है। पुतिन और ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही।



हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा, जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मॉस्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। भारत ने शनिवार को ट्रम्प और पुतिन के बीच अलास्का में बैठक का स्वागत किया। इसे सराहनीय कदम बताया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीति के महत्व पर भी जोर दिया। बयान में आगे कहा गया, भारत समिट में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का जल्द अंत देखना चाहती है। ट्रम्प-पुतिन की बातचीत से पहले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।

ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा था- ये टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा।


इससे पहले ट्रम्प ने भी 13 अगस्त को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बातचीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरूआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रम्प ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2% (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था।

# अमेरिका में पंजाबी ड्राइवर की लापरवाही

## ट्रक से टकराई वैन, महिला समेत 3 की मौत, गलत यू-टर्न लेने से हादसा

एजेंसी

लुधियाना, पंजाब के एक ट्रक ड्राइवर की अमेरिका के फ्लोरिडा टर्न पाइक में ड्राइविंग दौरान बड़ी लापरवाही का वीडियो सामने आया है। फ्लोरिडा की सड़क पर गलत यू-टर्न लेने कारण एक बड़ा एक्सीडेंट हो गया। सामने से आ रही मिनी वैन ट्रक से टकरा गई। वैन में सवार 3 लोगों की मौत हो गई। ट्रक में सवार ड्राइवर और उसके साथी को किसी तरह की चोट नहीं आई। हादसा



इतना भयानक था कि मिनी वैन बुरी तरह से ट्रक के नीचे घुस गई। इस हादसे में फ्लोरिडा के तीन लोगों की मौत हो गई है। उधर, पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। हादसे की वीडियो भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। ट्रक ड्राइवर का नाम और पहचान अभी उजागर नहीं की गई। सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आया है उसमे नजर आ रहा है कि ट्रक ड्राइवर अचानक से यू-टर्न ले रहा है, तभी सामने से आ रही गाड़ी ट्रक के पिछले हिस्सा से टकरा जाती है। पता चला है कि ट्रक ने यू-टर्न लेने की कोशिश की और बांई लेन में एक मिनी वैन के सामने से गुजर गया। मिनी वैन का ड्राइवर ट्रक से बच नहीं पाया। मिनी वैन के 30 वर्षीय ड्राइवर और उसके दो यात्री, एक 37 वर्षीय महिला और एक 54 वर्षीय पुरुष सवार थे, सभी की मौत हो गई। ट्रक के ड्राइवर और उसके साथ को कोई चोट नहीं आई।

इस हादसे के बाद उत्तर दिशा वाली सभी लेन कई घंटों तक बंद रहीं, जिससे यातायात में प्रभावित हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने उस जगह पर टायरों के निशान देखे जहां सेमी ने दोपहर के समय अवैध रूप से गाड़ी चलाने की कोशिश की थी।

# 1 करोड़ रोजगार, उद्योगों को दोगुनी सब्सिडी और मुफ्त जमीन

## चुनाव से पहले नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान



एजेंसी

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ी घोषणा करते हुए, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार अगले पाँच वर्षों में युवाओं को एक करोड़ नौकरियाँ प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगार के अवसरों के माध्यम से 50 लाख युवाओं को रोजगार प्रदान कर चुकी है, जो 2020 में सात निश्चय-2 कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्य है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 2020 में सात निश्चय-2 के तहत की गई घोषणा के क्रम में हमारी सरकार ने 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है। नीतीश ने आगे कहा कि अब हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधाएं देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। निजी क्षेत्रों को बिहार में उद्योग लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा विशेष आर्थिक पैकेज देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी तथा जी॰एस॰टी॰ के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी तथा ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों को मुफ्त में जमीन दी जाएगी। उद्योग लगाने हेतु आवंटित भूमि से संबंधित विवादों को समाप्त किया जाएगा। यह सारी सुविधाएं अगले 6 महीने में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को दी जाएंगी। इसके अलावा कई और प्रावधान भी किए गए हैं, जिससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी। राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो।

> **नीतीश ने आगे कहा कि अब हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधाएं देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है।**

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, मथुरा में 25 लाख ने किए दर्शन

## सोने से बनाए ठाकुर जी के वस्त्र, वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के बाहर लंबी कतारें

> **जन्मस्थान के बाहर भारी भीड़ लगी है। देशभर से लोग यहां आए हैं। वहीं, वृंदावन में 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे हैं। यहां के इस्कान मंदिर में काफी भीड़ है। बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु भी पहुंचे हैं। कई विदेशी श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में लीन होकर डांस कर रहे हैं।**

एजेंसी

मथुरा/द्वारका , देशभर में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम है। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान में शाम तक 25 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। वृंदावन में 10 लाख भक्त मौजूद हैं। बांके बिहारी मंदिर के बाहर दर्शन करने वालों की लंबी लाइनें लगी हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ठाकुरजी को अर्पित होने वाली पोशाक को 6 महीने में मथुरा के कारीगरों ने तैयार किया है। इसमें सोने-



चांदी के तारों का इस्तेमाल किया गया है। कपड़े में इंद्रधनुष के 7 रंगों को रखा गया है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर सजाया गया है। जिस फूल बंगला में ठाकुरजी विराजे हैं, उसे सिंदूरी फूलों से सजाया गया है। ये फूल कोलकाता और बेंगलुरु से मंगाए गए हैं। नाथद्वारा में कान्हा के जन्म पर 21 तोपों की सलामी दी जाएगी श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में सुबह मंगला दर्शन के साथ ही जन्माष्टमी उत्सव की शुरूआत हुई। मंगला दर्शन में श्रीनाथ जी को दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से पंचामृत स्नान कराया गया। इसके बाद विशेष शृंगार किया गया। रात 12 बजे कान्हा के जन्म पर 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। इसके बाद ठाकुर जी को पंचामृत से स्नान करवाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के रायपुर में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। टाटीबंध के इस्कॉन टेंपल में 3 दिन का जन्माष्टमी महोत्सव चल रहा है। जैतूसाव मठ में भगवान को भोग लगाने के लिए 1100 किलो मालपुआ तैयार किया गया है। मठ में भजन संध्या, जन्म आरती कर राजभोग ठाकुरजी को लगाया जाएगा। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम है। जन्मस्थान के बाहर भारी भीड़ लगी है। देशभर से लोग यहां आए हैं। वहीं, वृंदावन में 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे हैं। यहां के इस्कान मंदिर में काफी भीड़ है। बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु भी पहुंचे हैं। कई विदेशी श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में लीन होकर डांस कर रहे हैं। इससे पहले सुबह 5.30 बजे शहनाई और नगाड़ों की ध्वनि के बीच ठाकुरजी की मंगला आरती हुई। फिर पंचामृत से अभिषेक किया गया। सुबह 9 बजे मंदिर के भागवत भवन में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ।

# असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों ने गुवाहाटी में बैठक की

> **असम से अलग कर मेघालय को राज्य का दर्जा दिया गया था। इस दौरान असम पुनर्गठन अधिनियम, 1971 को मेघालय ने चुनौती दी थी, जिसके चलते 884.9 किलोमीटर लंबी सीमा पर 12 क्षेत्रों में विवाद उत्पन्न हुआ।**



एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को अपने मेघालय समकक्ष कोनराड के संगमा से यहां मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज गुवाहाटी में मेरी मेघालय के माननीय मुख्यमंत्री श्री कोनराड के संगमा के साथ चर्चा हुई। हमने दोनों राज्यों की साझा प्रगति को मजबूत करने के लिए कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि किन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों मुख्यमंत्रियों की पिछली मुलाकात दो जून को हुई थी, जिसमें स्वतंत्रता दिवस तक 12 विवादित क्षेत्रों में से पांच पर सीमा स्तंभ स्थापित करने पर सहमति बनी थी। असम और मेघालय ने मार्च 2022 में छह क्षेत्रों के सीमा विवाद को हल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सीमा स्तंभ पांच क्षेत्रों में लगाने पर सहमति बनी थी, जबकि छठे क्षेत्र पिलिंगटा को लेकर व्याख्या में अंतर होने के कारण वहां फिलहाल निर्माण नहीं करने का निर्णय लिया गया था। इस मुद्दे पर दोनों राज्यों के उपायुक्तों के स्तर पर चर्चा होनी थी।

# जमशेदपुर में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## नेताओं ने दी श्रद्धांजलि , रांची से घोड़ाबांधा तक अंतिम यात्रा

> **रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर 16 अगस्त 2025 को दिल्ली से रांची लाया गया, जहां झारखंड विधानसभा परिसर में राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई. इसके बाद शव यात्रा सड़क मार्ग से घाटशिला पहुंची, जहां भारी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी.**

एजेंसी

जमशेदपुरः झारखंड के शिक्षा मंत्री और घाटशिला से झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) विधायक रामदास सोरेन का निधन 15 अगस्त 2025 को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया. उनके पैतृक गांव घोड़ाबांधा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान विभिन्न दलों के नेताओं और समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. घाटशिला से शव यात्रा जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर घोड़ाबांधा स्थित उनके पैतृक आवास पहुंची. वहां उनके अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसमें परिवार, समर्थक,



और स्थानीय लोग शामिल थे.

राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार रामदास सोरेन का अंतिम संस्कार घोड़ाबांधा से लगभग दो किलोमीटर दूर उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ किया गया. सलामी के साथ आयोजित इस अंतिम संस्कार में उनके बड़े पुत्र सोमेश सोरेन ने मुखाग्नि दी. इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे, जो झारखंड आंदोलन के इस योद्धा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे.दुर्घटना और निधन 2 अगस्त 2025 को रामदास सोरेन अपने घोड़ाबांधा स्थित आवास के बाथरूम में गिर गए थे, जिससे उन्हें मस्तिष्क में गंभीर चोट और रक्त का थक्का (ब्रेन हेमरेज) हुआ. उन्हें तत्काल जमशेदपुर के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, और बाद में एयर एंबुलेंस से दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ले जाया गया. वहां उनकी स्थिति गंभीर बनी रही, और जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट) पर होने के बावजूद 15 अगस्त की रात उनका निधन हो गया.नेताओं की श्रद्धांजलिअंतिम संस्कार के दौरान विभिन्न दलों के नेताओं ने रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, झारखंड सरकार के मंत्री दीपिका पांडे, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक समीर मोहंती, मंगल कालिंदी, मंत्री इरफान अंसारी, विधायक दीपक बिरुआ, और संजीव सरदार सहित अन्य नेता मौजूद रहे.

## संक्षेप

### अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि

**नेताओं ने पूर्व पीएम के चित्र पर पुष्प अर्पित किया, उनक आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**

सुलतानपुर, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छठवीं पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नेताओं और पदाधिकारियों ने वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। विपक्षी दल के नेता भी उनकी सराहना करते थे। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आर.ए. वर्मा ने कहा कि उन्होंने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा, मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, संदीप सिंह, सुनील वर्मा, आशीष सिंह रानू, चन्दन नारायण सिंह, संजय सिंह बबलू, रीना जायसवाल, हिमांशु गुप्ता, संतोष सिंह, आकाश जायसवाल, मनोज श्रीवास्तव, अनुज प्रताप सिंह, सौरभ पाण्डेय, प्रदीप मिश्रा, मोहित तिवारी, मोहित साहू और विनीत गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### करंट लगने से महिला की मौत

**पंखा लगाते समय हुआ हादसा ,अस्पताल ले जाते समय गई जान**

सुलतानपुर, जिले के अखण्डनगर क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे 59 वर्षीय पार्वती देवी घर में पंखा लगाते समय बिजली की चपेट में आ गईं। परिजन उन्हें तुरंत अलीपुर बाजार के एक निजी डॉक्टर के पास ले गए। वहां से एम्बुलेंस 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर डॉक्टर सुधीर कुमार बरनवाल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा ने बताया कि घटना की सूचना थाने को लिखित रूप में दी गई है। हालांकि, परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सद्भावना एक्सप्रेस में यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बीमार यात्री की सुल्तानपुर स्टेशन पर गई जान, परिजन शव लेकर गए घर**

सुलतानपुर, रेलवे स्टेशन पर सद्भावना एक्सप्रेस में एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान जौनपुर जिले के केराकत थाना क्षेत्र के अहान निवासी संजय सरोज के रूप में हुई है। संजय सरोज जौनपुर से ट्रेन में सवार हुए थे। सुल्तानपुर स्टेशन पर पहुंचने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बोगी में मौजूद यात्रियों ने तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी। जब तक मदद पहुंचती, उनकी मौत हो चुकी थी।

# ड्रोन से तेंदुए की तलाश

## 10 दिन बाद भी नहीं पकड़ जा सका, लोग घर से बाहर निकलने में डर रहे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, अब खेत में जाने से पहले चार बार इधर-उधर देखना पड़ता है... बच्चों को अकेले बाहर नहीं भेजते। यह कहना है सुदनीपुर कला के किसान रामसजीवन का, जिनके गांव के पास पिछले हफ्ते तेंदुए को देखा गया था। 10 दिन से यहां वन विभाग की टीम तेंदुए को तलाश रही है लेकिन उसे अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। ड्रोन से उसकी तलाश की जा रही है। 5 अगस्त को फूलपुर रेंज के पश्चिमी कोटवां में गंगा किनारे एक पेड़ पर तेंदुए की पहली झलक मिली। तीन दिन तक उसका कोई अता-पता नहीं रहा, फिर शनिवार को मलखानपुर के चरी के खेत में और रविवार को सुदनीपुर कला में देखा गया। मंगलवार को हंडिया रेंज के चौरा बड़ेरा में बकरे पर हमला किया, और बुधवार को वह सैदाबाद के हाईवे किनारे नजर आया। हर बार वह जैसे-तैसे बच निकलने में कामयाब रहा। वन विभाग ने सुदनीपुर और चौरा बड़ेरा में कई पिंजरे लगाए, लेकिन तेंदुआ उनके आस-पास भी नहीं फटका। रात में थर्मल ड्रोन कैमरों से कांबिंग हुई, जंगल में हांका लगवाया गया, लेकिन हर बार तेंदुआ डाल-डाल, पात-पात वाली कहावत को सच कर गया। डिया रेंज के रेंजर लक्ष्मीकांत दुबे बताते हैं कि पिछले 24 घंटे से कोई लोकेशन नहीं मिली। आशंका है कि वह गंगा के कछार से मिजार्पुर या मध्य प्रदेश के जंगलों की ओर बढ़ गया है, लेकिन गश्त जारी है। गांवों में अब बच्चे अकेले खेलने बाहर नहीं जाते। महिलाएं खेत जाने से पहले समूह बनाती हैं। कई परिवार रात में पशुधन को घर के भीतर बांधने लगे हैं। पहले कभी इतनी सतर्कता नहीं रखनी पड़ी, चौरा बड़ेरा के बुजुर्ग रामनाथ यादव कहते हैं।

2018 में दलापुर गांव में तेंदुए ने तीन ग्रामीणों पर हमला किया था। 2023 में शंकरगढ़ के पूरे भट्टू नेवरिया में एक बच्चे को घायल कर उसने वन विभाग की टीम को तीन दिन तक खपाया था। इस बार उसका ऑपरेशन पकड़ो 10 दिन पार कर चुका है।

# छात्रा को हॉस्टल से बाहर करने पर हंगामा

**प्रयागराज के केपी गर्ल्स हॉस्टल में एक महीने का किराया न देने पर निकाल रहे बाहर, पहुंची पुलिस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, केपी गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल, यहां पर एक छात्रा ने एक महीने का किराया नहीं जमा किया था जिसके चलते उसे बाहर निकालने का दबाव बनाया जाने लगा। छात्रा निवेदिता ने इसकी सूचना संबंधित थाना को दे दी।

पुलिस तो मौके पर पहुंची लेकिन उसके बावजूद वह छात्रा की मदद नहीं कर सकी। आरोप है, कि महिला सिपाही ने एक छात्रा का मोबाइल छीन लिया और वीडियो आदि डिलीट कर दिए। इससे छात्राएं और नाराज हो गईं। छात्रा निवेदिता सीएमपी कॉलेज में पढ़ाई करती है। वह केपी ट्रस्ट की ओर से संचालित केपी गर्ल्स हॉस्टल में रहती है। उसने बताया, वह लगातार फीस जमा कर देती है लेकिन पारिवारिक दिक्कतों के चलते वह एक महीने का फीस नहीं जमा कर पाई। अब उसे बाहर निकालने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

# खेत में कीटनाशक छिड़काव के दौरान किसान की संदिग्ध मौत

**❍ अमेठी में बेहोशी के हालात में अस्पताल लेकर पहुंचे थे परिजन, पोस्टमॉर्टम को भेजा शव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के मेहनपारा गांव में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय नरेंद्र बहादुर सिंह के रूप में हुई है। नरेंद्र बहादुर सिंह अपने खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने गए थे। इसी दौरान अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद साथी ने परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन तुरंत उन्हें निजी वाहन से गौरीगंज के मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां डॉ. पिताम्बर कनौजिया ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही गौरीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फुटबॉल लीग का पंत स्टेडियम में हुआ समापन

**स्टार क्लब ने गजेहड़ी को 6-1 से हराया, सैकड़ों दर्शक पहुंचे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, जिला ओलंपिक संघ और फुटबॉल संघ के समन्वय से आयोजित फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का समापन पंत स्पोर्ट स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे। समापन समारोह में जिला फुटबॉल संघ के सचिव एम एस बेग, टेबल टेनिस संघ के सचिव मोहम्मद सईद, जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव दीपक श्रीवास्तव, हॉकी संघ के सचिव मोहम्मद तारिक और राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हलीम भी मौजूद थे। फाइनल मैच में सुल्तानपुर स्टार क्लब ने गजेहड़ी टीम को 6-1 से हराया। गजेहड़ी क्लब के समर्थक बड़ी संख्या में अपने गांव से पैदल चलकर स्टेडियम पहुंचे। जिला ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि संघ हर खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि सभी संघों के समन्वय से ही कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन ओलंपिक संघ के प्रवक्ता और राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉक्टर अब्दुल हमीद ने किया। इस दौरान उन्होंने दर्शकों और खिलाड़ियों को जनपद के पुराने राष्ट्रीय खिलाड़ियों और गौरवशाली इतिहास की जानकारी भी दी।

# पैसे का लालच देकर नाबालिग लड़की का अपहरण




**❍ पड़ोस की युवती रामगंज बाजार ले गई थी, तीन पर केस दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पड़ोस की एक युवती नाबालिग को पैसे देने का झांसा देकर रामगंज बाजार ले गई। तब से दोनों का कहीं पता नहीं चला है। परिजनों ने लड़की की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आरोपी पक्ष ने शुरू में घटना की जानकारी से इनकार किया। बाद में पता चला कि लड़की के परिवार से उनकी फोन पर बात हुई थी। लापता किशोरी का मोबाइल फोन भी बंद है। पीपरपुर थाना प्रभारी राम राज कुशवाहा के अनुसार, परिजनों की शिकायत पर 15 अगस्त को तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोपियों में पिंका, बृजलाल और गुड़िया शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सिर्फ कागजों सीमित साफ-सफाई

**अमेठी के हंसवा ड्रेन की 4 साल से नहीं हुई सफाई, किसान परेशान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी , तिलोई विकास खंड में सिंचाई विभाग और स्थानीय किसानों के बीच हंसवा ड्रेन की सफाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सिंचाई विभाग का दावा है कि जून में नाले की सफाई कराई गई है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले चार साल से ड्रेन की कोई सफाई नहीं हुई है। किसान श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि अधिकारी मौके पर नहीं आते। वे सिर्फ बैठकर रिपोर्ट बना देते हैं। किसान ठाकुर ज्ञान सिंह ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही से बारिश का पानी रुक जाता है। इससे खेतों में फसल बर्बाद हो जाती है। बरसात के मौसम में ड्रेन में जमा गंदगी से जलभराव की स्थिति बन जाती है। इससे किसानों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि ड्रेन की वास्तविक सफाई कराई जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

# एएमयू में छात्रों की भूख हड़ताल जारी

## यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ चुनाव के लिए कर रहे आमरण अनशन, बाब-ए-सैयद पर चल रहा धरना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं की भूख हड़ताल और आमरण अनशन लगातार तीसरे दिन भी जारी है। स्टूडेंट बाब-ए-सैयद गेट पर धरना लगाकर बैठे हैं। बिना कुछ खाए, लगातार चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। छात्रों के साथ छात्राएं भी कदम से कदम बढ़ाकर इस आंदोलन में शामिल हो रही हैं और चुनावों की मांग कर रही हैं। भूख हड़ताल में छात्राएं भी शामिल हो रही हैं और बाब-ए-सैयद गेट पर धरने पर बैठी हुई हैं। वहीं छात्रों ने बाब-ए-सैयद गेट को भी बंद कर दिया है। जिससे यहां से किसी का आना-जाना न हो सके। छात्रों ने एएमयू में हुई फीस वृद्धि के विरोध में आंदोलन शुरू किया था। लगातार 14 दिन आंदोलन चलने के बाद एएमयू इंतजामिया ने छात्रों की मांगें मान ली थी और अधिकतम 20 प्रतिशत फीस वृद्धि करने की स्वीकृति दी थी। इसके बाद छात्रों ने एएमयू में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग तेज कर दी। उनका कहना है कि इससे छात्रों के हित प्रभावित हो रहे हैं। एएमयू कैंपस के अंदर स्टूडेंट्स ने 14 अगस्त की शाम 5 बजे से आमरण अनशन की शुरूआत की थी और भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। इसके बाद से वह लगातार चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। उनका आंदोलन शुरू हुए 36 घंटे से ज्यादा समय हो चुका है। वहीं इंतजामिया इसमें बाहरी लोगों के हस्तक्षेप की बात कह रही है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आखिरी बार 2018 में छात्रसंघ चुनाव हुए थे। मोहम्मद सलमान इम्तियाज यूनिवर्सिटी के निवर्तमान छात्रसंघ अध्यक्ष हैं। 2018 के बाद से कैंपस के अंदर कभी चुनाव नहीं हुए और लगातार छात्र चुनाव कराने की मांग उठा रहे हैं। लेकिन एएमयू उन्हें सिर्फ आश्वासन ही दे रहा है।

एएमयू से शुरू होने वाली छात्र राजनीति यहां के विद्यार्थियों को देश स्तर पर आगे ले जाती है। यूनिवर्सिटी ने देश को कई दिग्गज नेता दिए हैं। ऐसे में छात्र लगातार चुनाव कराने की मांग करते रहते हैं।

# मोबाइल दुकान में ग्राहक बनकर आए युवक

## बहस के बाद दुकानदार से की मारपीट, सीसीटीवी में कैद घटना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना जैत क्षेत्र के छटीकरा में एक मोबाइल दुकान पर हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन फुटेज देर रात वायरल होते ही इलाके में चर्चा का विषय बन गई। पीड़ित गौरव अग्रवाल ने बताया कि उनका भाई दुकान पर बैठा था। तभी कुछ युवक ग्राहक बनकर मोबाइल देखने पहुंचे। बातचीत के दौरान मामूली कहासुनी हुई, जो देखते-देखते मारपीट में बदल गई। सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपियों ने अचानक दुकानदार पर हमला किया और फिर मौके से भाग निकले। अस्पताल में भर्ती घायल मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल दुकानदार को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दर्ज किया केस, तलाश जारी थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब में मिला महिला का शव

**मामले की छान बीन कर रही पुलिस , शिनाख्त जारी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, रायबरेली के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भदैया विकास खंड स्थित ज्ञानीपुर गांव में एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सगरा तालाब में एक महिला का शव तैरता देखा। मोहर्रम के मेले के पास स्थित सगरा तालाब में शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही शिवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका ने लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है। शिवगढ़ थाने के एसओ ज्ञानेश दूबे ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

# जन्माष्टमी पर गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण

**अमेठी सीडीओ ने किया गोपूजन, बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए पोल्ट्री फार्म भी देखा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जन्माष्टमी के अवसर पर विकासखंड गौरीगंज के ग्राम पंचायत सराय भागमानी स्थित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने गोपूजन कर संरक्षित गोवंशों को पुष्पमाला पहनाई और खाद्यान्न खिलाया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गोपाल कृष्ण शुक्ल, पशु चिकित्सा अधिकारी, पंचायत सचिव और सहायक विकास अधिकारी मौजूद रहे। सीडीओ ने गोवंशों के लिए नियमित खाद्यान्न आपूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोवंशों के टीकाकरण, ईयर टैगिंग और उचित अभिलेख रखने पर भी जोर दिया। केंद्र में हरे चारे की बुवाई की गई है। सीडीओ ने गोवंशों को नियमित हरा चारा और पौष्टिक आहार देने के साथ स्वास्थ्य परीक्षण जारी रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए क्षेत्र के पोल्ट्री फार्म का भी निरीक्षण किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी तक बर्ड फ्लू का कोई मामला नहीं मिला है। रोकथाम के लिए समिति बनाई गई है और नियमित समीक्षा की जा रही है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी